सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
17.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 187



कल्याण विभाग कार्यालय में पूजा अर्चना करते चमरा लिंडा

## इसरो की स्वर्णिम सफलता से भारत बना दुनिया का चौथा देश

# अंतरिक्ष में दो उपग्रहों का कराया महामिलन

### स्पेडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की सफल डॉकिंग (मिलन) की। इसरो ने इस उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने डॉकिंग में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इसरो ने घोषणा की कि डॉकिंग के बाद, एक वस्तु के रूप में दो उपग्रहों पर नियंत्रण स्थापित करने की प्रक्रिया भी सफल रही। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इसके साथ ही यह सफलता हासिल करनेवाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया। इससे पहले यह उपलब्धि अमेरिका, रूस और चीन ने हासिल की थी। इसरो की इस ऐतिहासिक सफलता पर पीएम मोदी ने सभी वैज्ञानिकों और पूरी अंतरिक्ष बिरादरी को बधाइ दी। साथ ही कहा, यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। **अंतरिक्ष में भारत की**



**बढ़ती क्षमता :** इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पेडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉकिंग प्रक्रिया में दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में जोड़ने का यह प्रयास पूरी तरह सफल रहा, जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता बल्कि भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को डॉक करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है उद्देश्य

इस मिशन का उद्देश्य भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों और अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण के लिए आवश्यक तकनीकों का परीक्षण करना है। यह उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में विशेषज्ञता हासिल करने वाले कुछ गिने-चुने देशों की श्रेणी में खड़ा करती है। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए आवश्यक है।

## न्यूज डायरी

### नीट यूजी परीक्षा एक ही पाली में पेपर मोड में होगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को घोषणा की है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 एक ही दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर) में आयोजित की जायेगी। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जहां परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाती थी। एनटीए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा लिये गये निर्णय के मुताबिक नीट (यूजी)-2025 एक दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में आयोजित की जाएगी।

### प्रेम-प्रसंग में भागी थी दोनों बहनें, पांच गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी की रहने वाली दो सगी बहनों के रहस्यमय तरीके से गायब होने के मामले का रांची पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हिंदपीढ़ी निवासी मो. इस्माइल, जुनैद आलम, मजहर आलम, इमरान खान और काशिद फिरोज शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों बहनों को कर्नाटक केरल बॉर्डर के पास से बरामद कर लिया।

### 21 तक तापमान में बदलाव के आसार नहीं

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर जारी है। 21 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। गुरुवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरा और धुंध के बीच बादलों की लुका छिपी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार 21 तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा और कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी देखा गया।

### सर्जरी के बाद सैफ अली खान अब स्वस्थ

**मुंबई।** बुधवार की रात हमले के बाद फिल्म स्टार सैफ अली खान अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। लीलावती अस्पताल में सर्जरी के बाद अब वह खतरे से बाहर हैं। हमलावर को लेकर सैफ अली खान की मेड ने पुलिस के सामने बयान दर्ज करवाये। उसने साफ कहा कि हमलावर ने सैफ और उसके बच्चों को बंधक नहीं बनाया था, बल्कि उसे बनाया था। मेड ने कहा कि हमलावर ने मुझे बंधक बनाया और मेरे से 1 करोड़ की फिरौती मांगी थी। सैफ और उनके परिवारवालों से फिरौती नहीं मांगी गयी थी।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 96000 रु./प्रति किलो |




# केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की दी मंजूरी

### केंद्रीय कर्मियों को बड़ा तोहफा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जायेगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गयी थीं, जिसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है।

**आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें :** सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 तक लागू होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से देशभर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठन लंबे समय से आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग कर रहे थे। आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन और उसकी सिफारिशें स्वीकार होने पर लगभग 49 लाख सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के वेतन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा।



### तीसरे उपग्रह लांच पैड को भी मंजूरी

गुरुवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में 3985 करोड़ रुपये की लागत से तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी दे दी। तीसरी लॉन्च पैड परियोजना में इसरो की अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों के लिए श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण संबंधी बुनियादी ढांचे की स्थापना और श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैड के लिए स्टैंडबाय लॉन्च पैड के रूप में सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। इससे भविष्य के भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए प्रक्षेपण क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस लांच पैड को 48 महीने या 4 साल की अवधि में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर 3984.86 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और इसमें लॉन्च पैड तथा संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है।

## नगर निकाय चुनाव पर झारखंड हाइकोर्ट का आदेश

# चार महीने के अंदर शुरू करें चुनाव की प्रक्रिया

### ▸ सीएस और नगर विकास सचिव कोर्ट में हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार माह के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया है. आज 16 जनवरी को इस मामले की झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, इस दौरान कोर्ट के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे। गुरुवार को जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई के दौरान एक बार फिर सरकार की ओर से नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी दी गयी। सरकार ने कोर्ट को ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे ट्रिपल टेस्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। प्रार्थी रोशनी खलखो व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट



ने सख्त निर्देश देते हुए चार माह के अंदर प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

**अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद :** कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के मद्देनजर अपडेटेड वोटर लिस्ट राज्य निर्वाचन आयोग को देने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में उपस्थित से छूट प्रदान की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। कोर्ट ने एकल पीठ के तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल भी उठाये।

### जहां होने हैं चुनाव

**नगर निगम(09) :** रांची, हजारीबाग, मेदनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

**नगर परिषद (21):** गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम।

**नगर पंचायत (19) :** बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया

(शेष पेज 11 पर)

# छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

### बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर मुठभेड़

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे दक्षिणी बीजापुर के जंगल में हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

देर शाम तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में राज्य पुलिस के तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई- कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन के जवान शामिल थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे दक्षिणी बीजापुर के जंगल में हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। देर शाम तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। (शेष पेज 11 पर)

**महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर संकल्प सभा**

### देश का संविधान गलत हाथों में : दीपांकर भट्टाचार्य

**गिरिडीह।** भाकपा माले के महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि देश का संविधान गलत हाथों में है। संविधान के 75 साल पूरे होने के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब के खिलाफ बेतुका बयान देकर यह साबित कर दिया है। संविधान ऐसे लोगों के हाथ में है, जिनका देश की आजादी के आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं था। दीपंकर भट्टाचार्य शहीद विधायक महेंद्र सिंह के 21वें शहादत दिवस पर बगोदर पहुंचे, जहां उन्होंने भाकपा माले द्वारा आयोजित जन संकल्प सभा को संबोधित किया। इससे पहले शहादत दिवस कार्यक्रम की शुरुआत शहीद विधायक महेंद्र सिंह के पैतृक गांव खाम्ब्रा से हुई। दीपंकर भट्टाचार्य ने सबसे पहले यहां उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, राजकुमार यादव, समेत मनोज भक्त,उप प्रमुख हरेंद्र सिंह, प्शहीद विधायक महेंद्र सिंह के परिजन प्रीति सिखा, नीलू सिंह, नीतू सिंह, विभा सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# बेहतर इलाज को कड़िया मुंडा एम्स रेफर

### एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजे गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ भाजपा नेता पद्म भूषण कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भेजा गया। पिछले 10 दिनों से रांची मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। स्वास्थ्य में धीमी सुधार को देखते हुए गुरुवार को उन्हें दिल्ली एम्स भेजने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय जनजाति मंत्री जुएल ओरांव ने मकर संक्रांति के दिन अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। केंद्रीय मंत्री श्री ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स में भेजा गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने पार्टी की ओर से समुचित व्यवस्था करते हुए उन्हें रांची एयरपोर्ट तक लाया और दिल्ली के लिए एयर एम्बुलेंस से रवाना किया। शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह जिम्मेदारी हमारे नेता जुएल उरांव ने हमें दी थी। हमें उम्मीद है कि दिल्ली एम्स में बेहतर इलाज कराने के बाद वे जल्द लौटेंगे और उनका मार्गदर्शन हमें और पार्टी को मिलता रहेगा।



कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी से लेकर भाजपा के कई बड़े नेता चिंता जाहिर कर चुके हैं। रांची में इलाज के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेता उनको देखने पहुंचे थे। कड़िया मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। जनसंघ से लेकर भाजपा को स्थापित करने में उनकी अहम भूमिका है। कड़िया मुंडा सबसे पहले 1971 में पहली बार चुनाव लड़ा था। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी और संसद पहुंचे थे।

## विदेशी प्रतिनिधियों ने लगायी संगम में डुबकी, कहा

# महाकुंभ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में गुरुवार को 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आस्था की डुबकी लगायी। पवित्र स्नान के बाद विदेशी प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता देखने को मिली।

विदेशी मेहमानों ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए।

**दुनिया सबसे बड़ा आयोजन :** विदेशी मेहमानों ने कुंभ को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन करार दिया। (शेष पेज 11 पर)



### सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

मेहमानों ने कहा, महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। साथ ही कहा कि महाकुंभ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

# गिरिडीह दो वाहनों की टक्कर में तीन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी पथ पर चैनपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अज्ञात वाहन ने एक वैन को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले तीनों लोग मधुबन मेला से आइसक्रीम बेच कर लौट रहे थे।

हादसे में मारे गये लोगों में निमियाघाट थाना इलाके के लक्ष्मणटुंडा देवचंद साव (53), केंदुआडीह निवासी थानू कुमार(16) तथा रंगामाटी निवासी घनश्याम साव(38) शामिल हैं। तीनों शव का पोस्टमार्टम गुरुवार की दोपहर में कराया गया।

बुधवार की रात आइसक्रीम बेचने के बाद तीनों एक वैन में सवार होकर घर जा रहे थे। अज्ञात वाहन के धक्के से वैन परखच्चे उड़ गये। घटना की जानकारी पर मधुबन थाना पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में धक्का मारने वाले वाहन और उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राहुल गांधी का बयान देश के लिये विभाजनकारी : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बाहरी ताकतों के प्रभाव में कर रहे कार्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की लड़ाई केवल आरएसएस और भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ भी बताया है, बेहद चिंताजनक और विभाजनकारी है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता बाहरी शक्तियों, जैसे जॉर्ज सोरोस और उनके समर्थकों के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान भारतीय राजनीति में एक खतरनाक मोड़ है। जो यह दर्शाता है कि कुछ नेता देश के हितों से अधिक अपनी राजनीति और बाहरी ताकतों के दबाव को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करते हुये कहा कि वे इस प्रकार की देशविरोधी और विभाजनकारी बयानबाजी पर सख्त कदम उठायें। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि भविष्य में इस तरह के बयान न दिये जायें। उन्होंने कहा कि अगर आज ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह एक खतरनाक प्रवृत्ति का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ किसी भी प्रकार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिये।

## हजारीबाग ढेंगा गोलीकांड : हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट को आदेश देने पर लगायी रोक

**रांची।** झारखंड राज्य के हजारीबाग के बड़कागांव में हुए चर्चित ढेंगा गोलीकांड मामले में नया मोड़ सामने आ गया है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव के कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर अगले आदेश तक किसी प्रकार का आदेश जारी करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

इससे पूर्व ढेंगा गोलीकांड में पुलिस के अनुसंधान और चार्जशीट पर सवाल खड़ा करते हुए मंटु सोनी द्वारा याचिका दायर किया गया था। जिसपर जुलाई 2022 में झारखंड हाईकोर्ट ने सीआईडी जांच का आदेश दिया था। दरअसल इस मामले में नया ट्विस्ट तब आया, जब हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक तरफ सीआईडी अब तक उस मामले पर अनुसंधान पूरा नही कर रही है और वहीं पूर्व चार्जशीट जिसके खिलाफ हाईकोर्ट ने सीआईडी जांच का आदेश दिया था, उसी के आधार पर मामले का ट्रायल रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव के कोर्ट में चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिती में एक बार फिर यह मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। प्रार्थी मंटु सोनी ने अपने अधिवक्ता हेमंत सिकरवार के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर कहा है कि सीआईडी मामले की जांच पूरा नही कर रही है और रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव द्वारा सुप्रीम कोर्ट के नत्थी लाल बनाम यूपी सरकार के आदेश का उल्लंघन कर पूर्व की चार्जशीट पर ट्रायल भी चला रहा है।


**Announcement**

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur is discarding the medical records on 5th February 2025. These records are of those patients who were admitted till December 2018. If patient's want to retrieve their medical records can collect the same till 1st February 2025. Beyond the mentioned date the data shall not be available to retrieve.

**By Order of Management**

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur


# अब घर बैठे कटाएं रसीद, राज्यवासियों को मिलेगी बार कोड की सुविधा : बिरुआ

## भू-राजस्व मंत्री ने राजस्व संग्रहण पर वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाये। म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लायें। यह बातें उन्होंने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में कही। मंत्री ने कहा कि अधिकारी ऐसे कार्यों को ससमय पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही सरकार का राजस्व संग्रह बढ़े।

नहीं लगाने पड़ेंगे ऑफिस के चक्कर

उन्होंने कहा कि अपनी जमीन की भी रसीद कटवाने के लिए लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्यवाही करें। बार कोड के जरिये रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां-वहां जाने की जरूरत नहीं होगी।

दो हजार करोड़ बकाया की वसूली का प्रस्ताव

बैठक में कोल्हान आयुक्त ने जमशेदपुर जिले की कंपनियों से बकाया दो हजार करोड़ की राशि की वसूली करने का प्रस्ताव रखा। जिसपर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उस पर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां से रेवेन्यू वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इसपर काम करने की जरूरत है।



### हरमू नदी के अतिक्रमण पर बनेगी रणनीति

मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं, इसपर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हरमू नदी के किनारे अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इसपर उन्होंने विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई करने की रणनीति तय करने का निर्देश दिया।

### बैठक में इन मसलों पर भी हुई चर्चा

बैठक में लंबित म्यूटेशन की कठिनाईयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किये जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों द्वारा उसके अविलंब निष्पादन किये जाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में कई दिशा निर्देश दिये। वर्चुअल बैठक में मंत्री ने रांची प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्रा, हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, दुमका प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, चाईबासा प्रमंडलीय आयुक्त हरिप्रसाद केसरी के आए सुझाव पर अमल करने के निर्देश दिए। मौके पर विभाग के प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने गुरुवार को संज्ञान ले लिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मामले में सुनवाई पश्रात संज्ञान लिया। सीबीआई ने जांच पूरी करते हुये 12 साल बाद बीते 4 मई को जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद समेत 37 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। लेकिन, दाखिल चार्जशीट में अभियोजन स्वीकृति आदेश नहीं रहने के कारण अदालत ने संज्ञान नहीं ले सकी थी। संज्ञान लेने के बाद अदालत ने आरोपियों के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी किया है। इसके लिये अदालत ने 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

**चार्जशीट इन आरोपियों के खिलाफ :** सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह, कॉपी की जांच करनेवाले परीक्षक में डॉ अरविंद कुमार, डॉ विजय बहादुर सिंह, डॉ परमानंद सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, डॉ सिकरादास तिर्की, डॉ समरीता कुमारी, डॉ विजय प्रसाद सिंह, डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ सत्यव्रत सिंह, डॉ अशोक कुमार झा एवं डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह के अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण में सहायता करता है डालसा - कविता खाती

**रांची।** सोनाहातू प्रखण्ड के ठुंगरूडीह गांव में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन गुरूवार को को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने लोगों को फ्री लिगल एड निशुल्क विधिक सहायात के बारे में बताया। किसे विधिक सेवा मिलती है, विधिक सेवा के हकदार कौन है एवं महिलाओं व बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से किस प्रकार का सहायता मुहैया कराया जाता है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना में मुआवजा प्राप्त करने की भी जानकारी साझा की। बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार और इसके प्रोविजन के बारे में विस्तार से बताया। दुष्कर्म पीड़िता को प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी व मुआवजा प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पीएलवी कपिलदेव प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, कुमारी इंदू देवी, अखीराज महतो एवं राजा उपस्थित थे।

## कोड़ा के सहयोगी ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के सहयोगी शौभिक चप्तोपाध्याय को बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को उसने प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद अदालत ने उसे सशर्त बेल दे दी है। कोर्ट ने उसे पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। शौभिक चप्तोपाध्याय के खिलाफ ईडी ने वर्ष 2019 में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–92/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.01.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Nurses Quarter in the Campus of APHC Patrahatu Silli, Ranchi | 2813000 | 56300 | 5000 | Three Months |
| 2 | Renovation work of first floor of the office building of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chhotanagpur, Kanke, Ranchi | 2434500 | 48700 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation work of the meeting room building located in the office premises of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chotanagpur Region, Kanke, Ranchi | 1994950 | 39900 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, रॉची।

PR 344370 Building(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 27/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 28.01.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 30.01.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 30.01.2025 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– DMFT मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– भीतर सेरका, पंचायत– सेरका, में बासुदेव के घर से नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 17,98,600.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– सेरका, पंचायत– सेरका, में आर०सी०सी० पुलिया से पहाड़ पेन्द्री तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,89,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– हिसीर, पंचायत– सेरका, में बीस रूपयाही से अम्बाटॉड़ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,94,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– सेरका, पंचायत– सेरका, में खेमराज तुरी के घर से आर०सी०सी० पुलिया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,93,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– हिसीर, पंचायत– सेरका, में अम्बाटॉड़ से अम्तीअम्बा (आंगनबाड़ी) तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,84,300.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– डोंढ़टोली, पंचायत– नरमा, में आँगनबाड़ी से उरॉव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,63,800.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– डोंढ़टोली, पंचायत– नरमा, में नरमा टॉड़ अखड़ा से नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,94,800.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– मरवाई, पंचायत– नरमा, में कालीकरण रोड से मरवाई मीडिल स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,93,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– मरवाई, पंचायत– नरमा, में मरवाई मीडिल स्कूल से कालीकरण रोड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 22,64,500.00 | 45,300.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 344387 Rural Development (24-25)_D


## प्रोजेक्ट भवन में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) आयोजित

# कृषि, सिंचाई, वन समेत कई क्षेत्रों पर रहेगा फोकस : वित्त मंत्री

बजट पूर्व गोष्ठी का उद्देश्य राज्य के हर तबके के लोगों, झारखंड के जंगलों ,दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाने वाले सुझावों को प्राप्त करना




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी 2025-26 के बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है। इस बजट में झारखंड के जंगलों ,दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों, राज्य के हर तबके , जाति , धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर योजनाएं शामिल की जाएगी। लोगों की चेहरे में खुशहाली ला सके, ऐसा बजट हम तैयार करेंगे । इसलिए आम लोगों से रायशुमारी ली जा रही है। इसी संदर्भ में गुरुवार को कृषि , सिंचाई , वन-पर्यावरण , ग्रामीण विकास , आजीविका मिशन , नगर विकास, पर्यटन,उद्योग, खान एवं भूतत्व,श्रम एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए हैं। वह गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अबुआ बजट कार्यशाला (बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके कई बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं उन बहुमूल्य सुझावों को आगामी 2025-26 के बजट में शामिल करने का प्रयास रहेगा।

मंत्री श्री किशोर ने कहा कि हमारा बजट राज्य की संस्कृति, भौगोलिक व्यवस्था ,यहां रहने वाले लोगों की परंपराओं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस राज्य का 25वां बजट होगा जहां राज्य की कई चुनौतियां हमारे समक्ष है । हम उन दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर बजट तैयार करेंगे जिससे झारखंड का आर्थिक ,सामाजिक एवं भौगोलिक विकास हो सके । उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग भी होनी जरूरी है, ताकि बजट में जो योजनाएं शामिल की गई उसकी धरातल पर क्या स्थिति है उसका पता चल सके। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया। मंत्री ने कहा कि जंगल में रहने वालों को तो वनपप्ता मिल जाता है। परंतु कनेक्टिविटी की कमी के कारण उस क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाती है। प्रयास करें वहां तक पहुंचने के लिए सड़कें हों । उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से बेसिक नीड्स उपलब्ध कराने पर जोर दें साथ ही महुआ आधारित शराब बनाने पर जोर दे ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

**मंत्री श्री किशोर ने सतही जल को बचाने :** पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में वर्षा जल के संचयन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है, ताकि बारिश का जो जल नदी, नालों के जरिये बह जाता है उसे बचाया जा सके ताकि उससे सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो और भूगर्भीय जल में भी सुधार आये। झारखंड में सुखांत की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए भी यह जरूरी है। इसका भी ध्यान इस बजट में रखा जाएगा। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कहा कि कृषि के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। इसलिए कृषि विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग को आगामी अबुआ बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया जाएगा। उन्होंने हॉर्टिकल्चर के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बल दिया।

**आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर दिया जाएगा जोर :** कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि हमारे राज्य के किसानों को ध्यान में रख कर आगामी बजट में उन्हें शामिल किया जाएगा। आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जाएगा। हमारे किसान पारंपरिक तौर पर एकल खेती पर निर्भर है, हमारा प्रयास होगा कि उन्हें पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए बहुकृषि करने पर जोर दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के तहत बिरसा पाठशाला प्रोग्राम चलाया जा रहा है जिसे आगामी बजट में बृहत पैमाने पर चलाया जाएगा, जहां हम किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे।

**प्राप्त सुझावों पर प्रस्ताव किया जाएगा तैयार :** जल संसाधन विभाग सह वित्त विभाग के प्रधान सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में झारखंड के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कई सुझाव प्राप्त किए गये हैं। पुराने सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वाटर बॉडीज को मजबूत करने के साथ साथ गांव में नए तालाब बनाने पर जोर दिया जाएगा। सोलर बेस्ड इरिगेशन ,माइनर इरिगेशन को ध्यान में रख कर आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा।

सिंचाई के लिए मुख्यता तीन विभाग कार्य करते है, जिसमे ग्रामीण विभाग से सिंचाई कूप के लिए बिरसा सिंचाई कूप की योजना ली गई है जो की काफी सफल रही है। इसमें किसानों को इसके जरिए काफी लाभ पहुंचा है। साथ ही वाटर शेड स्कीम की कई योजनाओं को लिया गया है। कृषि विभाग भी किसानों को सिंचाई की सुविधा के लिए सोलर पम्प, माइक्रो इरिगेशन सिस्टम उपलब्ध कराता है।

**बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) में आयें एक्सपर्ट के सुझाव :** प्रेम शंकर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना पर जोर दिया जाए। नेचुरल फार्मिंग करने की जरूरत है। झारखंड मिलेट्स को बजट में शामिल किया जाये। लाह की खेती पर जोर दिया जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। आने वाले 25 वर्षों के बाद 2050 में झारखंड कैसा होगा इस पर एक विजन डाक्यूमेंट्री बनाने की जरूरत बताई ।सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये।

**ग्राम सभा को बजट में ध्यान रखा जाये :** प्रोफेसर देवनाथन ने कहा कि ग्राम सभा को बजट में ध्यान रखा जाये। इसमें जंगल मित्र का प्रावधान किया जाये, ताकि जंगल का प्रबंधन हो सके और एक जिला एक प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाए और उसकी ब्रांडिंग की जाये, ताकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। धीरज दानियाल होरो ने रूरल इकॉनमी पर जोर देते हुए प्रोडक्ट की वैल्यू एडिशन और फूड प्रोसेसिंग की जरूरत बतायी। शैलेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य के ग्रामीण युवाओं के लिए स्किल प्रोग्राम को इस बजट में शामिल किया जाये। गांव में जाकर युवाओं को ट्रेनिंग दी जाए साथ ही महिलाओं के लिए भी विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देने की जरूरत बताई ।

**नगर विकास की प्रॉपर प्लानिंग की जरूरत :** नगर विकास की प्रॉपर प्लानिंग की जरूरत बताई गई। यातायात की व्यवस्था ,पार्किंग की व्यवस्था , आदि के बारे में विस्तृत बातें बतायी गई । खनन के क्षेत्र के विकास पर जोर दिया जाए, ताकि राजस्व की प्राप्ति हो सके। बंद पड़े कोल ब्लॉक का जल्द से जल्द आवंटन हो ,इस पर जोर दें। उद्योग के क्षेत्र इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाने की बात कही गई।सोलर पावर पर जोर दिया गया। श्री अमिताभ गोष ने एक्सपीरियंस टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही । जूडको द्वारा राज्य के शहरों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

**अंडा उत्पादन में हमें आत्मनिर्भर बनना है :** योजना एवं विकास विभाग के सचिव मस्त राम मीना ने भी अपने विचार रखे । कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि आगामी बजट में रूरल इकॉनमी जेनरेट करने का प्रयास रहेगा। सॉइल कांजेर्वेशन , तालाब का प्रावधान इस बजट में किया जाए। अंडा उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हो इस बजट में इसका प्रयास रहेगा । सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में काम हो रहा है ।

### आगामी बजट झारखंड को विकास के पथ पर लेकर जाएगा आगे

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आगामी बजट में झारखंड की महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया जाएगा। जेएसएलपीएस से करीब 32 लाख महिलायें जुड़ी हुई है। महिलाओं को मइयां सम्मान योजना के माध्यम से दी जा रही आर्थिक सहायता को इकोनॉमिक एंगेज्ड कर उन्हें कैसे मदद दी जाये, ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े इस पर विभाग का फोकस है आगामी बजट में। महिलाओं को फाइनेंशियली ट्रेंड कर उन्हें कैसे रोजगार से जोड़ा जाए इसे ध्यान में रखा जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं को अर्बन मार्केट से कनेक्ट करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण इलाकों में रूरल ड्रिंकिंग वाटर के छोटे छोटे प्रोजेक्ट को भी शामिल करने पर जोर दिया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में सोलर एनर्जी को भी बढ़वा दिया जाएगा।

# श्रीराम मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा करायेगी सूर्य मंदिर समिति

- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दोबारा मुख्य संरक्षक हुए मनोनीत
- 15 को पतंग महोत्सव में भव्य आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में बनी रूपरेखा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में सूर्य मंदिर समिति के कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से फरवरी माह में होने वाली राम मंदिर स्थापना की पांचवी वर्षगांठ की तैयारी में अभी से जुटने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि श्री राम दरबार स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनायी जायेगी। पांचवीं वर्षगांठ पर देश के जाने माने राम कथा वाचक को आमंत्रित किया जायेगा जो सात दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने श्रीराम मंदिर की स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी को होगा। 1 मार्च को महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा। 15 जनवरी को मंदिर परिसर में पतंग महोत्सव के तहत पतंगों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न क्षेत्र के युवा एवं नारी शक्ति भाग लेंगे।



रघुवर दास, मुख्य संरक्षक।

बैठक के दौरान लोगों के महत्वपूर्ण सुझावों को भी अंकित किया गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंदिर समिति के पुनः संरक्षक हुए मनोनीत :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा राज्य के राज्यपाल रहे रघुवर दास को सूर्य मंदिर समिति का पुनः मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**15 जनवरी को सूर्यधाम परिसर में भव्य पतंग महोत्सव :** मंदिर समिति की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को भव्य पतंग महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में सामूहिक रूप से पतंगबाजी के साथ श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में बच्चों और युवाओं के लिए विशेष तैयारी की योजना बनायी गयी है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खुशी व्यक्त की और कहा कि समिति से पुनः जुड़ना उनके लिए एक गौरवपूर्ण अनुभव है। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति ने पिछले सभी आयोजनों को जमशेदपुर की धर्मप्रेमी जनता के सक्रिय सहयोग और समर्थन से सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समिति की यह परंपरा न केवल धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में एकता और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित करती है। श्री दास ने समिति के आगामी प्रयासों को समर्थन देने और आयोजनों को और भव्य बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान उन्होंने समिति की कार्यशैली और समर्पण की भी सराहना करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

वहीं, सूर्य मंदिर के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समिति में मुख्य संरक्षक बनाने पर प्रसन्नता जताई। चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति श्रीराम मंदिर वर्षगांठ समारोह को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही पूरे मंदिर परिसर को पुनः सजाने और उसके रखरखाव के कार्यों को नयी ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रारंभ होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जमशेदपुर के श्रद्धालु, जिनकी आस्था और सेवा भावना अनुकरणीय है, समिति के इन प्रयासों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में मंच संचालन मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने किया। बैठक में लक्ष्मीकांत सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शशिकांत सिंह, रूबी झा, प्रेम झा, कंचन दत्ता, कृष्णमोहन सिंह, बोलटू सरकार, प्रमोद मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अमित अग्रवाल, पप्पू उपाध्याय, राजेश सिंह पप्पू, विकास शर्मा, युवराज सिंह, बिनोद सिंह, अशोक सामंत, मणि मोहंती, विजय पाठक, अमिश अग्रवाल, हरेराम यादव, छक्कन चौधरी, श्रीराम प्रसाद, काजू शांडिल, तजिंदर सिंह, साकेत कुमार, मीरा सिंह, ममता भूमिज, रेणुका कालिंदी, रेणुका कालिंदी कर, लकी कौर, नमिता उपाध्याय, मीरा झा, सुनीता देवी भी थे।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने पूर्वी विधानसभा के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का किया दौरा, बोलीं

# सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की बुनियादी सुविधा विकास व संचालन में नहीं होगी कोई कमी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ियों का दौरा कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सिदगोड़ा, विद्यापतिनगर और बिरसानगर क्षेत्रों के आंगनबाड़ियों में जाकर वहां की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को परखा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नेहा खालको भी उनके साथ मौजूद रहीं। विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण आहार की गुणवत्ता, शिक्षा सामग्री और स्वच्छता व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। विधायक ने आंगनबाड़ी की सेविकाओं, सहायिकाओं और बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में चल रही गतिविधियों की रिपोर्टिंग को पारदर्शी बनाने और सुविधाओं में सुधार के लिए डिजिटल रूप में ठोस कदम उठाने की बात कही। विधायक पूर्णिमा साहू ने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आंगनबाड़ी से प्रभावी ढंग से प्रचारित करने पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि आंगनबाड़ी में एक सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिसमें सभी योजनाओं की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित हो, ताकि स्थानीय लोग जागरूक हों और पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। विधायक पूर्णिमा साहू ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के आंगनबाड़ियों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।



सुविधाओं के उन्नयन पर जोर देतीं विधायक पूर्णिमा साहू।

## केवट समाज वेलफेयर एसोसिएशन ने मनायी गुहा निषाद की 49वीं जयंती

- विधायक पूर्णिमा साहू और पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** भगवान राम के अन्नय मित्र निषाद राज के राजा भक्त गुहा निषाद की 49वीं जयंती सी पी समाज बागुनहातु के सभागार में मनाया, कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक पूर्णिमा साहू और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया, समाज के अध्यक्ष सुरेश निषाद और महामंत्री गिरधारी लाल पारकर ने पंडित दुर्गा जी के संग गुहा निषाद की पूजा अर्चना की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा साहू ने कहां की समाज की प्रगति तभी सुनिश्चित है जब समाज के युवा पीढ़ी शिक्षा का अलख जाएंगे, समाज के युवा वर्ग शिक्षित हो जाएगा तो समाज प्रगति की राह पर स्वतः चल पड़ेगा, दिनेश कुमार ने भगवान राम और गुहा राज निषाद की मित्रता की कहानी से सभी को अवगत करवाया, कहां की भगवान राम के मित्र गुहा निषाद राज में गहरी मित्रता थी इसका प्रमाण भी रामायण में लिखा गया है की जब रावण को पराजित कर भगवान राम अयोध्या लौट रहे थे तब एक रात उन्होंने गुहा निषाद राज के यहां बिताई थी, आज समाज को विकसित करने के लिए सामाजिक ताना बाना को मजबूत बनाना बहुत जरूरी है, अध्यक्ष सुरेश निषाद ने अपने समाज के लिए भवन की मांग विधायक पूर्णिमा साहू के समक्ष रखा।



## दबदबा बनाने के लिए भिड़ेंगे जमशेदपुर एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी शुक्रवार की शाम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट की मेजबानी करेगी। तो मेजबान टीम लगातार तीन जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना चाहेगी। जबकि मैरिनर्स लगातार दूसरे सीजन में जमशेदपुर एफसी पर लीग डबल हासिल करने की कोशिश करेंगे। 23 नवंबर को दोनों टीमों के सीजन के पहले मुकाबले में मैरिनर्स ने रेड माइनर्स को 3-0 से हराया था। मोहन बागान सुपर जायंट 15 मैचों में 11 जीत, दो ड्रा और दो हार से 35 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। जमशेदपुर एफसी 14 मुकाबलों में नौ जीत और पांच हार से 27 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। मैरिनर्स अपने पिछले 12 आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में स्कोर करके (25 गोल) शानदार फॉर्म में है।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने मनाया 35वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने गुरुवार को चिड़ियाघर परिसर में केक काटकर अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों, कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। समारोह में टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (टीएसजेडएस) के सचिव कैप्टन अमिताभ, टीएसजेडएस के सदस्य अजय कुमार सिंह, टीएसजेडएस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, टीएसजेडपी के उप निदेशक (सामान्य प्रशासन) डॉ नईम अख्तर, टीएसजेडपी के उप निदेशक (पशु चिकित्सा) डॉ. माणिक पालित सहित अन्य समर्पित सदस्य मौजूद रहे। रघुनाथ पांडे ने अपने संबोधन में कैप्टन अमिताभ और पूरे चिड़ियाघर स्टाफ की जानवरों के कल्याण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए उनके अथक प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक सराहना की। उन्होंने चिड़ियाघर की निरंतर सफलता और वन्यजीव संरक्षण में योगदान में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की।



केक काटकर कार्यक्रम मनाते पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

# आरवाइएलए 2024 आवासीय शिविर युवाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स (आरवाईएलए) 2025 की घोषणा कर रहा है, जिसे पंख नाम दिया गया है। यह एक तीन दिवसीय आवासीय शिविर है, जो युवाओं में नेतृत्व, सहानुभूति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

यह फछअ शिविर, 17--19 जनवरी 2025 तक केरला पब्लिक स्कूल, कदमा, जमशेदपुर में आयोजित होगा, जिसमें छात्रों और युवाओं को नेतृत्व कौशल, टीम निर्माण अभ्यास और प्रेरणात्मक सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो सहयोग, सामुदायिक सेवा और व्यक्तिगत विकास पर जोर देंगे। इस कार्यक्रम में बिहार, झारखंड के तकरीबन 15 - 20 स्कूल के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं करीब 150 बच्चों का समूह इस कार्यक्रम से लाभ प्राप्त करेंगे।

इस वर्ष का फछअ का नारा है है, सहानुभूति, सहयोग, और उत्सव के माध्यम से नेतृत्व, जो रोटरी के उस मिशन के अनुरूप है, जो भविष्य के ऐसे व्यक्तित्व या नेतृत्व को विकसित करने पर केंद्रित है, जो अपनी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।

यह कार्यक्रम युवाओं और छात्रों, जिसमें रोटरी के युवा शाखा इंटरैक्टर्स और रोटरेक्ट भी शामिल हैं, के लिए तैयार किया गया है ताकि वे महत्वपूर्ण नेतृत्व कौशल विकसित कर सकें।

# टाटा ब्लू स्कोप एंप्लाईज यूनियन की कमेटी बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा ब्लू स्कोप एम्प्लॉइज यूनियन की कमिटी मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता टाटा ब्लू स्कोप एम्प्लॉइज यूनियन के अध्यक्ष राकेश पांडे ने की। मीटिंग में टाटा ब्लू स्कोप एम्प्लॉइज यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय खान भी उपस्थित रहे। मीटिंग में यूनियन के कमिटी मेंबरों द्वारा एम्प्लॉई के विभिन्न मुद्दों को अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष के सामने रखा गया, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई। कमिटी द्वारा वेज रिवीजन को अतिशीघ्र लागू किए जाने पर चर्चा हुई। एम्प्लॉई एंगेजमेंट द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराये जाने पर जोर दिया गया। अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष ने कमिटी द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की सराहना की, जिसमें प्रोडक्शन इन्सेंटिव प्रमुख था. कमेटी द्वारा अध्यक्ष जी के जन्मदिन के अवसर पर केक कटिंग का भी आयोजन किया गया।

# आरवीएस कौशल अकादमी ने आयोजित कराया पहला दीक्षांत समारोह सह पूर्व छात्रों की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो


**जमशेदपुर।** आरवीएस कॉलेज सभागार में आरवीएस कौशल अकादमी ने अपनी पहली दीक्षांत समारोह सह पूर्व छात्रों की बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपांकर चौधरी (आइएएस) निदेशक आईटीडीए, जमशेदपुर, अविनाश कुमार, श्रम अधीक्षक जमशेदपुर और अरविंद कुमार, डीएसओ पूर्वी सिंहभूम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

आरवीएस कौशल अकादमी के राष्ट्रीय प्रमुख रामकिशन लोढ़ा द्वारा दिये गये गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने मुख्य भाषण दिया, जिन्होंने वंचित समुदायों के उत्थान में अकादमी की सराहनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पिछले 1.5 वर्षों में, आरवीएस कौशल अकादमी ने झारखंड में अपने चार केंद्रों में 2,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, जिसमें पूर्वी सिंहभूम में दो और दुमका में दो शामिल हैं। इन प्रयासों ने प्रशिक्षुओं को रोजगार योग्य कौशल से लैस करके उन्हें सशक्त बनाया है, जिससे वे विभिन्न उद्योगों में नियुक्ति के माध्यम से अपनी आजीविका को बनाये रखने में सक्षम हुए हैं।





## स्पीड न्यूज



### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**गम्हरिया।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को कांड्रा थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। कांड्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर यह फ्लैग मार्च स्टेशन रोड, हाट बाजार समेत एसकेजी कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया गया। मार्च का नेतृत्व कर रहे कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने कहा कि पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### विधायक ने गुरुजी को भेंट किया गुड़ पीठा



**चांडिल।** ईंचागढ़ विधायक सविता महतो गुरुवार को राज्य सभा सांसद सह झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात कर मकर पर्व की बधाई दी और गुड़पीठा भेंट कियदी। इस दौरान सविता ने सीएम और गुरुजी से काफी देर तक बातचीत की। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो उपस्थित थे।

### पेट्रोल पंप पर खड़ी कार में अचानक लगी आग

**गम्हरिया।** उषा मोड़ के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप में खड़ी एक कार में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गयी। बताया गया है गुरुवार को प्रातः करीब 11 बजे कार में डीजल भरवाने पंप लाया गया था। कार खड़ा करते ही अचानक उससे धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगी। इसे देखकर वहां पेट्रोल भरवाने आए अन्य वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गया।

### राजचंद्र रिसर्च सेंटर का स्वास्थ्य शिविर 19 को

**जमशेदपुर।** श्रीसद राजचंद्र आत्मा तत्व रिसर्च सेंटर 19 जनवरी यानी रविवार को बिष्टुपुर स्थित तरभेराम स्कूल परिसर में आरोग्य मेला का आयोजन करेगा। उक्त जानकारी गुरुवार को सेंटर के किशोर वोरा व रश्मि भयाती ने संयुक्त रूप से दी। श्री वोरा ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी शिविर में एक छत के नीचे चिकित्सकों की टीम के साथ सभी तरह की स्वास्थ्य जांच होगी। इसमें प्रोफाइल ब्लड टेस्ट में कार्डियक, किडनी, सीबीसी, यूरिक एसिड, थायराइड, कैल्शियम, लिवर, शुगर आदि शामिल हैं।

### टाटा स्टील-मेकॉन के बीच कारोबार समझौता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने इस महीने की शुरुआत में मेकॉन लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते का उद्देश्य खनन क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों को एकीकृत और व्यापक समाधान प्रदान करना है। इसमें खनिज खोज, रिसोर्स मॉडलिंग, खनिज संसाधन मूल्यांकन, भू-तकनीकी और जलविद्युत अध्ययन, माइन प्लानिंग, डिजिटल माइन मॉनिटरिंग, ड्रोन सर्वेक्षण, खदान अवसंरचना विकास, पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और पर्यावरण प्रबंधन योजना अध्ययन, खदान में लागत विश्लेषण और मिनरल बेनिफिशिएशन जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं शामिल हैं।

### इंकैब के भगवती की सभी याचिकाएं कोलकाता बेंच से की गयी खारिज

**जमशेदपुर।** एनसीएलटी कोलकाता बेंच ने 8.1.25 को पारित अपने आदेशों द्वारा इंकैब जमशेदपुर के मजदूरों के प्रतिनिधि भगवती सिंह द्वारा दायर सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताये अवैध और पक्षपातपूर्ण तरीके से खारिज कर दिया। साथ ही जमशेदपुर मजदूरों की लेनदारी को भी बिना कोई कारण बताये खारिज कर दिया।

## एक नजर में

### उलीडीह में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो के सौजन्य से शर्मा लाइन, उलीडीह में भाजपा उलीडीह मंडल ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गय। मौके पर संध्या नंदी, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, राकेश प्रसाद, प्रसन्नजीत महापात्रा, मुन्ना मोहंती, जीतू गुप्ता, राजेश चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कुशवाहा समाज का वनभोज समारोह 19 को



**जमशेदपुर।** कुशवाहा संघ जमशेदपुर के अध्यक्ष शिवकुमार भकत और सचिव राम कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 19 जनवरी को वनभोज सह सामूहिक कन्या विवाह समारोह एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में किया जायेगा। वनभोज में कोल्हान समेत पड़ोसी राज्य के 7000 से ज्यादा लोग सम्मिलित होंगे। मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता होंगे। स्थानीय विधायक व सांसद सम्मानित सदस्य होंगे। वनभोज कार्यक्रम के दौरान शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

### देशभर के 65 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ



**जमशेदपुर।** एनसीपी राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने कहा कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की है। जिसमें उन्होंने बताया कि इससे 65 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पीएम मोदी ने एनडीए सरकार को अगुवाई करते हुए कर्मचारीयों के हित में वर्षों से लंबित 8वें वेतन आयोग के मामले में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए इसकी अनुमति दी है। इससे 8वें वेतन आयोग गठित होने से आगे का रास्ता साफ हो गया है। इससे देश भर के 65 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। अब समिति अपने निर्धारित समय पर अपनी रिपोर्ट दे देगी ताकि 01/01/26 से यह लागू हो सके। इससे केंद्रीय कर्मचारियों पेंशन धारकों, सभी राज्य कर्मचारियों एवं पेंशन धारकों के लिए इस नववर्ष में बहुत बड़ी खुशखबरी होगी। क्योंकि केंद्रीय कर्मियों के लागू होते ही राज्य सरकार के भी लागू करने का रास्ता साफ हो गया है।

### कोल्हान के आदिवासी इलाकों में टुसू मेले की धूम



**जमशेदपुर।** कोल्हान के आदिवासी इलाकों में टुसू मेले का उत्साह देखते बन रहा है। जगह-जगह मेलों में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दिख रही है। भुइयाडीह में आयोजित टुसु मेले में जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू व भूतपूर्व मंत्री दुलाल भुईया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने वाद्य यंत्र बजाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। मेले में 30 फीट से भी ऊंची चौड़ल प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। बेस्ट टुसु, बेस्ट चौड़ल को 31 हजार का पुरस्कार दिया गया।

### देश में गोक्रांति की जरूरत : साध्वी श्रद्धागोपाल



**जमशेदपुर।** ध्यान फाउंडेशन गोलोक चाकुलिया ने बिष्टुपुर के नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के ऑडिटोरियम में साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वतीजी के श्रीमुख से तीन दिवसीय गौ कृपा कथा का शुभारंभ कराया। कथा के मुख्य यजमान राजकुमार अग्रवाल ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। साध्वी श्रद्धा दीदी ने कहा कि वेदलक्षणा गोमाता जगतजननी है। गोमाता के प्रति फैली हुई भ्रांति मिटाकर देश में गोक्रांति करने की आवश्यकता है। देश में हिंदुत्व की रक्षा गाय से हैं। प्रत्येक भारतवासी को देश, धर्म की रक्षा के लिए माता कहलाने वाली गाय की मां की तरह सेवा करना होगी, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा।

### कामरेड महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस मना




**जमशेदपुर।** जन नेता शहीद कामरेड महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस साकची गोलचक्कर के समीप मनाया गया। मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। जिसे भाकपा माले के कोल्हान प्रमंडल ने किया। शहीद कामरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि के बाद उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान गोलचक्कर कामरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम, कामरेड महेंद्र सिंह अमर रहे, कामरेड महेंद्र सिंह, आपके अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे जैसे नारों से गूंज उठा। अध्यक्षता माले नेता ओमप्रकाश सिंह ने की। कहा कि शहीद महेंद्र सिंह शोषित पीड़ित लोगों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते वाले बेखौफ नायक थे। कार्यक्रम के दौरान गंगाधर कुंभकार, सत्यानंद मिश्रा, मुर्शीद आलम, चुनचुन रजक, नीरज तिवारी, नंद किशोर सिंह, अभय सिंह, अभिषेक रुद्र, उमेश ठाकुर, एम अंसारी समेत अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हाता-तिरिंग एनएच-220 की मरम्मत को दायर जनहित याचिका पर रांची हाईकोर्ट में सुनवाई

**जमशेदपुर।** हाता-तिरिंग राष्ट्रीय राजमार्ग 220 की जर्जर स्थिति को लेकर एडवोकेट आकाश शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को रांची उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। याचिका में रसुनचोपा से टिरिंग सीमा तक के चार किलोमीटर लंबे खंड की दयनीय स्थिति को लेकर तत्काल मरम्मत और रखरखाव की मांग की ग्यी है। यह महत्वपूर्ण मार्ग 2018 से खराब स्थिति में है, जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियां हो रही हैं।

## स्पीड न्यूज

### पड़वा के डाक कर्मी का निधन, शोक



**पड़वा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीखास पोस्ट आफिस के डाक कर्मी सह लोहड़ा के बसंत मिश्रा का बुधवार को कलकत्ता के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका दाह संस्कार गुरुवार को कोयल नदी तट पर किया गया। बड़े पुत्र पवन ने मुखाग्नि दी। स्व मिश्र अपने पीछे पत्नी, दो बेटा, एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। स्व मिश्र के दाह संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, नाते, रिश्तेदार व ग्रामीण शामिल हुए। स्व मिश्रा के निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी।

### बिट्टू के खिलाफ बयान देना लक्ष्मी को पड़ा मंहगा, पार्टी ने पूछा स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** पलामू कांग्रेस के जिलाधयक्ष जैश रंजन पाठक के खिलाफ पत्रकार सम्मेलन करना पार्टी के पूर्व सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी को महंगा पड़ा। इसे लेकर पार्टी के प्रदेश अनुशासन कमेटी ने लक्ष्मी नाराराण तिवारी से स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में कहा गया है कि 15 दिनों के अंदर जवाब दें, क्यों न आपके खिलाफ पार्टी अनुशासनत्मक कार्रवाई की जाये। कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए श्री तिवारी से स्पष्टीकरण पूछा है।

### हाइवा-बाइक की टक्कर में तीन घायल



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला – छतरपुर मुख्य पथ के कचरा मोड़ के समीप बाइक और हाइवा के बीच टक्कर में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में सरिता देवी उनके भाई श्रीराम बैठा व आठ वर्षीय उत्तम कुमार घायल है। सभी घायलों को ग्रामीणों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। बाइक सवार श्रीराम बैठा मोहमदगंज के कादल से बहन को लेकर बाइक से हुसैनाबाद के इमलियाटिकर जा रहा था।

### आरएसएस ने लगाया हेल्थ कैंप



**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग पलामू ने सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत हरीनगर खंड के बिलासपुर मंडल के ग्राम सड़ेया टोला तरवाडीह, ग्राम लपेया टोला पिपराडीह, रघुडीह, रविदासनगर में नि:शुल्क स्वाथ्य जांच शिविर लगाया। जिसमें डॉ आशीष सिंह ने नि:शुल्क जांच एवं इलाज किया। मौके पर पलामू विभाग के सेवा प्रमुख देवदत्त सिंह, खंड व्यवस्था प्रमुख शिव कुमार, खंड कार्यवाह संजय मेहता, बबलू सिंह, महेंद्र सिंह, चंदन सिंह, राजकुमार राम उपस्थित रहे।

### महुलिया की सेविका कर रही लापरवाही



**पाटन पलामू।** प्रखंड के महुलिया वन आंगनबाड़ी में घोर लापारवाही सेविका कर रही है। महुलिया आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 246 में दिनांक 16/1/2025 दिन वृहस्पतिवार को सेविका गायब रही। केंद्र में एक भी बच्चे नहीं थे और न ही भोजन की कोई सामग्री थी। ग्रामीणों ने बताया कि यहां घोर लापारवाही है। बच्चों को केंद्र से पौष्टिक भोजन भी नहीं दिया जाता है वहीं केंद्र समय पर खुलता भी नहीं है।

### सघन जांच अभियान में 13 बाइकें जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कचहरी चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट, ट्रिपल लोड, कुछ बिना लाइसेंस के थे। जिसमें से 13 दोपहिया वाहन जब्त किया गया है। 17 दोपहिया वाहन बाइकों का चालान फाइन राशि 24,389 रुपये बरामद किया गया है।

### कांग्रेस ने विश्रामपुर में चलाया जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान




**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में जय बापू जय, भीम, जय संविधान अभियान चला। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने की। शुरुआत विश्रामपुर थाना चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर किया। जिसके बाद कांग्रेसियों ने एक रैली भी निकाली। रैली के दौरान कांग्रेसियों ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान का जमकर नारा लगाया। बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। मौके पर पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, सुरेंद्र तिवारी, शैलेश चौबे, आलोक चौबे, डब्बू चौबे भी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मेला को ले एसडीएम की बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम गौरांग महतो ने स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम समेत सभी बीडीओ के साथ प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला से सम्बंधित तैयारी को लेकर बैठक की। विदित हो कि विभागीय निर्देशानुसार, 20 से 24 जनवरी तक आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए 16 को एसडीओ हुसैनाबाद की अध्यक्षता में प्रखंड योजना समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि हुसैनाबाद अंतर्गत 20 को मध्य विद्यालय लोहबंधा में 21 को प्रखंड मोहम्मदगंज अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में तथा हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत इमामनगर बरेवा में दिनांक 22 को स्वास्थ्य मेला लगायेगा, इस स्वास्थ्य मेला में सभी प्रकार के बीमारियों का इलाज/ स्क्रीनिंग/जांच की जायेगी। सिकल सेल, बीपी, शुगर, गर्भवती महिला, शिशु टीकाकरण, आंख, दंत, टीबी, कुष्ट, परिवार नियोजन की सलाह दी जायेगी।

# पांकी विस क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को कृतसंकल्पित : डॉ मेहता

- मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी /तरहसी।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने पांकी के रणेभरी में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्वीकृत पलामू जिला के नव उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के भवन निर्माण, ढुब पंचायत में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, लोहरसी के गीड़ी में कल्याण विभाग से सरना स्थल की चहारदीवारी का शिलान्यास किया।



**क्या बोले विधायक :** मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि रणेभरी में संचालित स्कूल इस क्षेत्र के बच्चों के लिए एक बड़ा कदम है, जो उन्हें बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन कर रहा है। बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए जरूरी है क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे सब कुछ लक्ष्य हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में स्वास्थ्य उपकेंद्र महती भूमिका अदा करेगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में निरंतर सक्रियता के साथ काम करने की अपील किया। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र ही एक सहारा है जहां उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद रहती है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित कुमार, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, मुखिया विंदा देवी, ढुब पंचायत मुखिया जसवंत वर्मा, विजय ठाकुर, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह,संतोष वर्मा, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, संतु सिंह, जसवंत कुमार, धर्मदेव मेहता, डॉ सुरेन्द्र मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# संन्यास लेने की बात भ्रामक, पार्टी तय करेगी मेरा राजनीतिक भविष्य: चंद्रवंशी

**महेंद्र प्रजापति**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सक्रिय राजनीत से संन्यास लेने की बात भ्रामक है। मेरी बातों को गलत तरीके से समझा गया और उसे तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। मैं एक अनुशासित पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी का आदेश ही मेरे लिये सर्वोपरि है। मेरा राजनीतिक भविष्य पार्टी नेतृत्व तय करेगा। पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करूंगा। अगर पार्टी ने चुनाव लड़ने का आदेश दिया तो चुनाव भी लडूंगा। श्री चंद्रवंशी गुरुवार को बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे।

## अफवाह फैलने से कार्यकर्ता हुए आहत



रामचंद्र चंद्रवंशी।

उन्होंने कहा कि अफवाह फैलने के कारण मेरे सैकड़ों कार्यकर्ता आहत हुये हैं। वे सब मुझसे मिले और अपनी भावनाएं व्यक्त की। मैं कार्यकर्ताओं व अपने समर्थकों को आश्वस्त करता हूं कि हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। आप ही के बल पर चार बार विधायक बना और दो बार मंत्री बना हूं। कार्यकर्ता ही मेरी राजनीतिक शक्ति हैं। उनके बिना मेरा राजनीतिक जीवन अधूरा है। कभी किसी कारण वस मैं व्यक्तिगत रूप से आपके पास नहीं पहुंच पाया तो मेरे पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा रहेंगे। वे भी मेरी तरह ही आपकी भावनाओं और समर्थन का पूरा सम्मान करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मेरा उद्देश्य पार्टी और कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करना रहा है। मेरा पूरा ध्यान पार्टी के अनुशासन व कार्यकर्ताओं के समर्थन पर रहा है इसलिए गलतफहमियों को पीछे छोड़ते हुए पार्टी व समाज की सेवा में जुटे रहना है। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान व पार्टी की मर्यादा बनाये रखना ही मेरी प्राथमिकता है।

## विधायक ने 651 स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण

# साइकिल से दूरदराज के बच्चों को स्कूल जाने में होगी सुविधा: विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड शिक्षा संसाधन कार्यालय में माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव एवं एसडीएम गौरांग महतो ने 651 विभिन्न स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच साईकल वितरण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि साइकिल वीते वर्ष 2023-24 का है, लेकिन विभाग के लापरवाही से वितरण नहीं किया जा रहा था। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवा रही



विद्यार्थियों को साइकिल देते विधायक संजय सिंह यादव।

हैं। आपलोग सही तरीके से संचालित करें पुराने लापरवाही को भुलाकर अब नए तरीके से काम करे। शिक्षा से समाज मे हर तरह की फैली गंदगी को साफ किया जा सकता हैं। साईकल से दूर दराज व गरीब परिवार के बच्चे को स्कूल जाने में सुविधा होगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने का नसीहत दिया। वहीं एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि बीआरसीसी पदाधिकायो व कर्मियों को जम कर फटकार लगाया और कहा कि आप लोग बच्चों के भविष्य के बारे में सोचें। उन्होंने साइकिल में फोटो के नाम पर पैसा लेने वाले शिक्षकों को कड़ी चेतावनी दिया और कहा कि कुछ योगदान समाज के लिए हर काम के पैसे की उगाही है। अगर सूचना मिली तो कार्रवाई करुंगा। इस दौरान विभिन्न स्कूल के ग्रामीण बच्चों ने साईकल लेकर मुस्कुराते हुए घर गये। एसडीएम ने कहा कि सब के माता पिता खुश रहेंगे तो हमे भी खुशी मिलेगी। मौके पर बीडीओ सुनील वर्मा, बीइओ रामनरेश राम, बीपीएम रंजना भारती, धर्मेंद्र बैठा, धर्मेंद्र पाल, रामप्रवेश राम व कई लोग उपस्थित थे।

# नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में खुला प्रतिनिधि कार्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का खुद फीता काटकर कर उद्घाटन किया। कहा कि प्रखंड मुख्यालय कार्यालय खुलने से विकास काम में तेजी आयेगी। दूरदराज से आने वाले फरियादियों का काम त्वरित गति से हो सकेगा। डॉ मेहता ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने हमें दोबारा चुना है,उनका विश्वास बनाये रखने के लिए उनकी समस्या का समाधान जरुरी है। ताकि लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। सरकार जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं धरातल में उतार रही है। आम लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ भी दिलाने का काम करें।



विधायक ने कहा कि विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व आम जनता के हर सुख-दुख में हम साथ हैं। सरकार की जन कल्याण कारी योजनाएं धरातल पर उतारा जायेगा। समस्याओं को लेकर अगर कोई ऑफिसर जनता की बात नहीं सुनता है, तो विधायक प्रतिनिधियों से सीधे तौर पर शिकायत करें। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि सप्ताह में सातों दिन यहां बैठकर जनता की समस्या का निदान करने की पूरी कोशिश करें। मौके पर बीडीओ जागो महतो, शिओ अनिल सिंह जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता,उप प्रमुख कुसुम देवी, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, मुखिया बिगन मेहता, ललित सिंह, वीरेंद्र चंद्रवंशी, समाजसेवी कमेश यादव, विनोद राम, बसंत वर्मा, गोपाल यादव, मिथलेश पासवान, कार्तिक सिंह, धर्मेंद्र मेहता, सुधीर तिवारी सहित काफी संख्या हम लोग उपस्थित थे।

# विधायक प्रतिनिधि कार्यालय खुलने से विकास कार्य में आयेगी तेजी : डॉ मेहता

- पांकी विधायक ने विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का स्वयं फीता काटकर कर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में विधायक प्रतिनिधि कार्यालय खुलने से विकास काम में तेजी आएगी। दूर दराज से आने वाले फरियादियों का काम त्वरित गति से हो सकेगा। डॉ मेहता ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने हमें दोबारा चुना है, उनका विश्वास बनाये रखने के लिए उनकी समस्या का



समाधान जरुरी है। ताकि लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकारी कार्यों की जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। सरकार जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं धरातल में उतार रही है।

# कृषि और मत्स्य पालन आय का बेहतर स्त्रोत है : डीडीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन टाउन हॉल में कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग द्वारा जिलास्तरीय कार्यशाला की गयी। इसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष संगीता देवी, डीडीसी मो शब्बीर अहमद व अन्य अधिकारियों ने किया। मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों व मत्स्यपालकों को उन्नत खेती व मत्स्य पालन से संबंधित आर्थिक श्रोत बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। लाभुकों को मछली पालन के आधुनिक तरीकों की जानकारी देते हुए पोषण व बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गयी।

### वनखेता में गरीब असहायों के बीच कंबल वितरित



**मेदिनीनगर।** पंडवा प्रखंड लोहड़ा पंचायत क्षेत्र के गड़ेरियाडीह वनखेता वार्ड पांच में रमेश रजक ने गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटा। श्री रजक ने कहा कि सरकार वार्डों में कम कंबल देता है। जिससे वार्डवासियों में सरकार के प्रति क्षोभ उत्पन्न होता है। लोगों ने कहा कि प्रत्येक वार्डों में कम से कम 50 कंबल सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन उपलब्ध कराये तभी जाकर वार्डो में समरूपता लाया जा सकता है।

### स्कूली विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग ने 126 स्कूली छात्र छात्राओं के बीच साइकिल बांटी। वितरण पाटन प्रमुख शोभा देवी एवं उताकी मुखिया शोभा देवी ने किया। पाटन प्रखंड के बैदा कला मझौली पालहेकला सिककी खुर्द के विद्यालय के छात्र छात्राओं को साइकिल मिली। मौके पर अरशद सिमकी, उपेंद्र महतो, पंकज सिंह, पुरन सिंह, इमाम हुसैन तथा शक्ति शंकर गुप्ता व कई उपस्थित थे।

### राजहारा पंचायत में मुखिया ने किया कंबल वितरण



**नावा बाजार पलामू।** राजहारा मुखिया चंदन कुमार ने ठंड को देख सरकार से उपलब्ध सैकड़ों कंबल अपने वार्ड सदस्य की उपस्थिति में रजहारा पंचायत भवन प्रांगण में गुरुवार को कंबल बांटा। मुखिया ने बताया कि सरकार प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में 10 कंबल उपलब्ध करायी थी जिसे वार्ड सदस्य के समक्ष बांटा गया। मौके पर पंचायत सचिव पंकज कुमार, पंसस प्रतिनिधि कमल कुमार, वार्ड सदस्य विजय चौहान, वार्डपति राम परीखा राम, धनंजय चंद्रवंशी मौजूद थे।

# प्रखंडों में लगने वाले स्वास्थ्य मेला को लेकर डीसी ने की संबंधितों संग बैठक

- 20 से 24 जनवरी के बीच लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने एवं बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 का आयोजन किया जाना है। इसके तहत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व कार्यक्रम



की रूप रेखा तय करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों संग गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधितों को टीम वर्क की भावना के साथ स्वास्थ्य मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित किया।

# हृदय गति रुकने से रामाधार सिंह का निधन

- शवयात्रा में आस पास के सैकड़ों लोग शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के कजरी निवासी समाजसेवी रामाधार सिंह (70) का बुधवार की रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मालूम हो कि वे मकर संक्रांति पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन व भंडारा के समापन के बाद पाटन मोड़ पर बैठे थे। इसी बीच बेहोश हो गये, जिसके बाद परिजन अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को कजरी स्थित त्रिवेणी संगम तट घाट पर उनका दाह संस्कार





किया गया। ज्ञात हो कि वे पवन सुत बस के मालिक और पड़वा मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजना सिंह के ससुर थे। वे पिछले 25 वर्षों से लगातार मकर संक्रांति पर पांच दिवसीय प्रवचन व अखंड भंडारा कराते आ रहे हैं। इस भी मकर संक्रांति पर 24 घंटे का अखंड और भंडारा किये थे। वे अपने पीछे दो पुत्र रामायण व महाराणा प्रताप सिंह सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनके आकस्मिक निधन से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। बड़ी संख्या में लोग इनके आवास पहुंच परिवार को ढाढ़स बंधाया। मौके पर जीवन सिंह, बस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत सिंह, महेंद्र साव, सिंटू सिंह, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र सिंह, नौडीहा मुखिया रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जिप सदस्य संग्राम सिंह, शिशिर शुक्ला, अजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, हिंडालको के राजू सिंह भी थे।

### हरिहरगंज : कार से टकरायी बाइक, दो घायल



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के तेंदूआ गेट के समीप एनएच 139 पर गुरुवार की शाम अनियंत्रित बाइक (जेएच 03 एजी 2496) विपरीत दिशा से आ रही कार (जेएच 01ए एन 0501) से जा टकरायी। इस दुर्घटना में बाइक सवार राजू यादव (34) तथा अजय यादव (40) घायल हो गये। दोनों घायल छतरपुर थाना के खाटीन गांव के रहने वाले हैं। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है। इसमें कार चालक का भी सिर फूट गया है।

# हुसैनाबाद के आरपीएस विद्यालय को मिली सीबीएसई से मान्यता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के आरपीएस विद्यालय को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा 10वी व 12वी की मान्यता दी गयी है। गुरुवार को आरपीएस स्कूल के कार्यालय कक्ष में विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य मनुज शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की गयी।

विद्यालय के निर्देशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि अब सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित आरपीएस पब्लिक स्कूल इस क्षेत्र का एक मात्र विद्यालय है जिसमें कक्षा



प्रमाण पत्र दिखाते पदाधिकारी।

नर्सरी से 12वीं तक की सफलता पूर्वक सभी कक्षाएँ संचालित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने एकेडमिक फैसिलिटी के आधार पर बहुत कम समय मे 10वीं एवं 12वीं की मान्यता प्राप्त कर लिया।अब विद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की 12वी कक्षा तक पढ़ाई होगी।

इस आपार सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनुज शर्मा एवं उनके नेतृत्व में कार्य करने वाले शिक्षक समूह को दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने बताया कि हमें सीबीएसई की मान्यता संख्या 3430764 के अन्तर्गत प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय का यह भी एक कीतीर्मान है कि हमे एक साथ माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर की मान्यता सफलता पूर्वक प्राप्त हुई है। इस कीर्तिमान से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र समेत आस पास के क्षेत्रों के अभिभावकों एवं छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए बाहर पलायन नहीं करना होगा।

# कनीय पौधों की सुरक्षा पर किसानों को विशेष ध्यान देने की जरूरत : अभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के पंचायत भवन में कनिय पौधा संरक्षण विभाग की ओर से किसानों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक अभिषेक पटेल द्वारा उपस्थित किसानों को फसल सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को कीटनाशको के वर्गीकरण के प्रकार एवं उपचार से सम्बंधित तथा जैव आधारित कीटनाशक जैसे बीजामृत, जीवामृत आधारित कीटनाशक बनाने की विधि, जैविक कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वही कृषि विशेषज्ञ मधुसूदन कुमार ने जैव आधारित कृषि एवं केंचुआ



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

खाद बनाने के बारे में जानकारी प्रदान किया। साथ ही किसानों को रासायनिक खाद का प्रयोग कम करने एवं जैविक खाद के प्रयोग पर जोर देने की बात कही गयी। साथ ही किसानों को जैविक विधि से मिट्टी उपचार की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में रामगढ़ पंचायत के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, पंचायत समिति प्रतिनिधि विनोद सिंह समेत 50 की संख्या में किसान शामिल थे। कार्यकम का संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक राजन सोनी ने किया।

# नेपाल के उप-राष्ट्रपति ने डीपीएस बोकारो के प्राचार्य को अटल समरसता रत्न सम्मान से नवाजा


डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को सम्मानित करते नेपाल के उपराष्ट्रपति परमानन्द झा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं न्यायमूर्ति परमानन्द झा पूर्व केन्द्रीय मंत्री अब्दुल खान व गणेश शाह सांसद रेखा यादव एवं नरोत्तम वेद के द्वारा अटल समरसता रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से इंडो-नेपाल समरसता आगेर्नाइजेशन के तत्वावधान में आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन के दौरान उन्हें 192 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह विश्व प्रतिष्ठित सम्मान मिला। डॉ गंगवार को नेपाल की टोपी और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय उत्थान में उल्लेखनीय योगदान भारत की प्रतिष्ठा भारत की शक्ति एवं भारत के पंचशील सिद्धांतों की कार्य-योजना के नैतिक समर्थन के लिए उन्हें नवाजा गया। सम्मेलन में भारत-नेपाल के बहुआयामी संबंधों मानवीय प्रेम एकता एवं विश्व-बंधुत्व की दिशा में कार्य करने वाले कुल 192 राष्ट्रों के नागरिकों का अभिनंदन किया गया। अपने उद्गार में प्राचार्य डॉ गंगवार ने इसे पूरे स्कूल की उपलब्धि बताते हुए इसके लिए विद्यालय परिवार से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर हमें आगे और कड़ी मेहनत के साथ काम करने की प्रेरणा देते हैं।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नए वर्ष में नए जोश, नई ऊर्जा, नए उत्साह एवं सकारात्मकता के साथ पूरी लगन व कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

# त्वरित गति से मामले का करें निष्पादन : एसपी गोड्डा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में किया अपराध समीक्षा बैठक। इस अपराध बैठक में गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, महगामा एसडीपीओ चंद्र शेखर आजाद, उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु कुमार गौरव, सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर सहित सभी पुलिस अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफलता पूर्वक अपनी जिम्मेदारी निर्वाह करने का भी निर्देश दिया हैं। वारंटीयों की धर पकड़ कुर्की जब्ती के साथ त्वरित गति से मामले के निष्पादन का निर्देश दिया हैं। क्षेत्र में अवैध खनन बालू कोयला छरी इत्यादि की जांच में परिवहन विभाग के साथ मिलकर सहयोग करने का निर्देश दिया हैं।

# राइट टू वर्क के तहत अधिकारियों पर लगायें जुर्माना : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद डीआरडीए निदेशक मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी सभी बीडीओ/सीओ/बीपीओ आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में 152 आंगनबाड़ी केंद्रों में 118 पूर्ण है जबकि 34 केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने 31 जनवरी तक सभी अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने मनरेगा के तहत निमार्णाधीन अबुआ आवास में स्वीकृति के विरूद्ध मास्टर रोल जनरेट की संख्या कम होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रखंडों के बीडीओ को आवास स्वीकृति के अनुरूप मास्टर रोल जेनरेट कर मानव दिवस सृजित करने को कहा। उन्होंने मानव दिवस का सृजन नहीं होने से आवास के लाभुकों का राइट टू वर्क का अधिकार पूरा नहीं होने को लेकर संबंधित पंचायत सचिव संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं संबंधित बीडीओ पर जुर्माना लगाकर राशि प्राप्त करने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : स्व हेमा यादव को दी गयी श्रद्धांजलि



बेरमो। स्वयंसेवी संगठन युवा शिक्षित बेरोजगार महिला समिति द्वारा करगली बाजार स्थित कार्यालय में समाजसेवी एवं संस्था के पूर्व सचिव स्व हेमा यादव की 5 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। यहां उपस्थिति लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बाल भोज का भी आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों बच्चों सहित अन्य लोगों को भोजन कराया गया। यहां संस्था के संयोजक रोहित यादव उर्फ बाबा ने कहा कि स्व हेमा यादव का जीवन काफी संघर्षमय रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष लता देवी ने किया। मौके पर बंगलू राम, संजय घांसी, मुकुंद महतो, घांसी लोहार, बूंदेल, कृष्ण बहादुर, बबली देवी, सोनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, स्नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### मोतिया ओ पी थाना प्रभारी ने बांटे हेलमेट



गोड्डा। मोतिया ओपी अंतर्गत सिकटिया चौक में गुरुवार को अडानी फाउंडेशन के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत बिना हेलमेट चलाए जाने वाले वाहनों के चालकों को मुफ्त हेलमेट बांटा गया तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मोतिया ओ पी के थाना प्रभारी महावीर पंडित ने बताया अपनी सुरक्षा का दायित्व सबसे पहले चालकों का हैं और उसकी सहायता और सुरक्षा के लिये गोड्डा पुलिस 24 घंटे तत्पर हैं।

### कथारा मे बायो बोस एकेडमी का उद्घाटन

बेरमो। कथारा मुख्य बाजार में बायो बोस अकादमी का विधिवत तरीके से मुख्य अतिथि शमीम अख्तर के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक एमडी आसिफ शमीम ने बताया कि इस अकादमी में स्थानीय युवाओं व युवतियों को बेहतर एवं उच्च शिक्षा प्रदान करना है। इस शैक्षणिक संस्था में कक्षा आठवीं से लेकर 12वीं तक विज्ञान विषय का निशुल्क 5 दिनों तक डेमो क्लास लिया जाएगा। जिसमें विज्ञान भौतिकी रसायन शास्त्र एवं गणित विषयों पर विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएगी।

## युवा महोत्सव से लौटे प्रतिनिधियों को राज्यपाल व खेल मंत्री ने किया सम्मानित

# युवाओं का जोश और ऊर्जा देश के विकास की नींव है : गंगवार

- मंत्री शुदिव्य कुमार ने कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं


पुरस्कृत करते राज्यपाल संतोष गंगवार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और युवा खेल मामलों के मंत्री शुदिव्य कुमार ने युवाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

झारखंड यूथ आईकॉन जतिन कुमार को जहां राज्यपाल और मंत्री ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में जतिन कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन की कहानियां सुनाईं। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं का जोश और ऊर्जा देश के विकास की नींव है।

आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनें हैं। युवा मामलों के मंत्री शुदिव्य कुमार ने भी युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं।

सरकार आपको हर संभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

## स्वदेशी मेला में गीत गजल संध्या में कलाकारों की अनुपम प्रस्तुति



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 4 मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित इस्पातांचल स्वदेशी मेला में गीत-गजल संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संगीतज्ञ शिवेन चक्रवर्ती प्रसेनजीत शर्मा अरुण पाठक विराज श्रीवास्तव कृष्णा तुलसी आदि ने गीत-गजलों की सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को आनंदित किया। कृष्णा व शिवेन चक्रवर्ती एवं प्रसेनजीत शर्मा ने गजलों और अरुण पाठक ने- मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊं कैसे व चंदन सा बदन चंचल चितवन की सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को लुभाया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा मेला संयोजक ब्रजेश कुमार सिंह, कुमार संजय शंभु झा राज श्रीवास्तव, दीपक परमार, प्रदीप, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# बीएमएस के कार्यसमिति सदस्यों की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** ढोरी खास स्थित सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यालय में बीएमएस बोकारो जिला का एक दिवसीय कार्यसमिति सदस्यों की बैठक किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, धनबाद बोकारो जिला विभाग प्रमुख रविंद्र कुमार मिश्रा, जिला मंत्री ललन मल्लाह तथा प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे। रविंद्र मिश्रा ने बताया कि इस बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। बताया कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर बीएमसी के कार्यों को आगे बढ़ाना है। इसमें मोटीया मजदूर संघ, रसोइया, दूध कंपनी के मजदूर, टोल टैक्स के कर्मी आदि का यूनियन बनाना है। बहुत ही असंगठित क्षेत्र में मजदूर है जिन्हें राज्य या केंद्र सरकार के द्वारा मिलने वाले अधिकार का जानकारी नहीं है। जैसे बहुत लोगों का ईएसआई कार्ड नहीं बना है। इन लोगों के बीच जाकर उन्हें प्रशिक्षण देना है और यूनियन बनाकर बीएमएस से जोड़ना है। मौके पर डीवीसी महामंत्री तपन जी, बोकारो स्टील सिटी के महामंत्री बिनोद जी, लोडिंग अनलोडिंग अध्यक्ष एसके शर्मा, महेश राय, मनोज कुमार सिंह, अवधेश राय, अनीता देवी, राधा आदि मौजूद है।

# विधायक श्वेता ने अनुमंडल अस्पताल की बदहाली पर उपाधीक्षक को फटकारा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने जनता की शिकायतों के आलोक में चास आईटीआई मोड़ स्थित अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती महिलाओं जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों एवं ओपीडी सेवाओं का जायजा लिया। तदोपरांत वहां की जर्जर व्यवस्था से रूबरू हुईं। विधायक श्रीमती सिंह ने व्यवस्था को देखते हुए अस्पताल उपाधीक्षक को तत्काल फटकारते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 48 घंटे के अंदर सारी जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाय। श्रीमती सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता अनुमंडल अस्पताल की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली से आए दिन परेशानी झेलती है। आए दिन यहां के मरीजों की मौत की खबरें अखबारों में आना आम बात सी हो गई है जिससे वर्तमान सरकार की बदनामी हो रही है। अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत अधिकारी चिकित्सक एवं कर्मचारियों को श्वेता सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि सर्वप्रथम अस्पताल को स्वच्छ बनाएं। यहां गंदगी एवं जंगल झाड़ी का अंबार लगा हुआ है जो नकारात्मक माहौल पैदा करता है और यहां जो भी जरूरी चीजों की कमी है-उसे लिखित रूप से मुझे अवगत करवाएं ताकि जनहित में सभी सुविधाओं का सृजन किया जा सके। ज्ञात हो कि अनुमंडल अस्पताल ग्रामीण आम जनता के लिए संजीवनी है जिससे हजारों लोग लाभ लेते हैं। अतएव बदहाल व्यवस्था अविलम्ब दुरुस्त होनी चाहिए।

# मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल के अध्यक्षता में किया गया। कॉलेज सचिव डॉ अशीम कुमार लायक, तथा पूर्व प्राचार्य ने खेल का जायजा लिया। सचिव डॉ अशीम कुमार लायक ने कहा की आज के युवा को खेल के प्रति भी जागरूक होने की जरूरत है। युवा, मोबाइल पर केंद्रित कर खेल को अनदेखा कर रहें है। पीटीआई चन्दन कुमार घोष ने खेल के प्रति बच्चो को प्रेरित किया। खेल प्रेसिडेंट प्रो माजिद नदीम अहशन, वाईस प्रेजिडेंट डॉ रूपम कुमार ने छात्र छात्राओ का उत्साह बढ़ाया। खेल के प्रथम दिन में शार्ट पुट, 100 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, जावलीन थ्रो और 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता की गयी। यह खेल सिर्फ लड़कियों के लिए रहा। मौके पर प्रो अफरोज खान,काजल मंडल, इंटर कॉलेज पीटीआई काजी गुलाम मुस्तफा, कल्याण पाल, बिश्वनाथ घोष आदि उपस्थित थे।

# साड़म पूर्वी पंचायत सचिवालय में चलंत विधिक जागरूकता शिविर सह लोक अदालत का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/गोमिया।** बोकारो जिला के प्रधान न्यायाधीश एवं सचिव महोदय के आदेशानुसार गोमिया प्रखंड अंतर्गत साडम पूर्वी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को चलंत विधिक जागरूकता शिविर सह लोक अदालत का आयोजन किया गया.इसका उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था।

शिविर में ग्रामीणों को उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनी जानकारी दिया गया, ताकि वे किसी भी कानूनी समस्या से निपटने में सक्षम हो सकें। शिविर में तेनुघाट न्यायालय से आए बलविंदर सिंह ने महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, न्यायिक प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दिया। साथ ही साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया ताकि लोग लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि जानकारी ही बचाव के उपाय हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में जानकारी का अभाव होने के कारण उन्हें शारीरिक एवं आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर पीएलभी, न्यायालय कर्मी दीपक गुप्ता, पीएलभी सुनीता सिन्हा, पंचायत की मुखिया अनारकली, वार्ड सदस्य अमित कुमार, साहिल रजा, असनल इस्लाम सहित कई ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(पशुपालन प्रभाग)
झारखण्ड, सरकार
कार्यालयः- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

### आम सूचना

गुमला जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या- 02 रा0(विभाग), दिनांक-04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 147 पंचायतों में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बध्याकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। शिविर का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड- कामडारा | | | | |
| 1 | टुरुण्डु | कोन्डेकेरा | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 मधु कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कामडारा (9031079919) |
| 2 | कोन्सा | कोन्सा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 3 | सालेगुटू | गरई | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 4 | रेडवा | नवाडीह | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 5 | रामतोल्या | पोकला | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- बसिया | | | | |
| 6 | बसिया | जकजोर | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 सूर्यवंश ठाकुर, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बसिया (9431396407) |
| 7 | पंथा | लावाकेरा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 8 | बनई | बोंडेकेरा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 9 | कुम्हारी | घनसेरा | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 10 | पोकटा | बंगरकेला | 31.01.2025 | |
| 11 | ईटाम | दालमाडी | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 रूपा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बसिया (9934163128) |
| 12 | तुरबुगा | गुडरडीह | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 13 | आरया | सुकवेदा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 14 | मोरंग | मतरडेगा | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 15 | कोनबीर | सरैयडीह | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- पालकोट | | | | |
| 16 | बागेसेरा | मलई | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 कविता बाला टुटी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, पालकोट (9709041400) |
| 17 | बाघिमा | हसदोन | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 18 | बगरू | दमकारा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 19 | कोलेंग | सेमरा | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 20 | बिलिंगबीरा | डोमबाबीरा | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- डुमरी | | | | |
| 21 | नवाडीह | हड़सरी | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 22 | खेतली | हथलदा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 23 | करनी | लोहड़ा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 24 | जैरागी | गालु | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 25 | मझगाँव | एकम्बा | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- जारी | | | | |
| 26 | जरडा | घटमा टोली | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 रितु टोप्पो, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर (7541870696) |
| 27 | मेराल | सकतार | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| प्रखण्ड- बिशुनपुर | | | | |
| 28 | सेरका | सेरका | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 मीनू खलखो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपुर (7739348172) |
| 29 | अमतीपानी | अमतीपानी | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 30 | निरासी | बनालात | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 31 | घाघरा | घाघरा | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 32 | चिरोडीह | चिरोडीह | 31.01.2025 | |
| 33 | गुरदरी | कुजाम | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 लवलीन श्वेता खाखा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बिशुनपुर (6299670945) |
| 34 | हेलता | डीपाडीह | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 35 | नरमा | बेती | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 36 | बनारी | चिंगरी | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| प्रखण्ड- घाघरा | | | | |
| 37 | बिमरला | बिमरला | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 सीमा एक्का, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, घाघरा (9006087716) |
| 38 | कुगाँव | कुगाँव | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 39 | देवाकी | कोटामाटी | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 40 | चुन्दरी | हापामुनी | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 41 | बेलागड़ा | बुरहु | 31.01.2025 | |
| 42 | दिरगाँव | हेंदमी | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 43 | रूकी | बड़ा अजियातु | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 44 | आदर | लासाडोंड़ | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 45 | सरांगो | मलगो | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 46 | कोहीपाठ | अरंगी | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- सिसई | | | | |
| 47 | सिसई | सिसई | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 स्मृति तिर्की, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिसई (7294166795) |
| 48 | लकेया | लकेया | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 49 | भदौली | भदौली | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 50 | नगर | कपिलनाथ | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 51 | ओलमोण्डा | समल | 31.01.2025 | |
| 52 | बरगाँव(उ0) | बरगाँव | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 अभिनव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सिसई (993566365) |
| 53 | बरगाँव(द0) | मकुन्दा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 54 | भुरसो | पहामु | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 55 | छारदा | मंगलो | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 56 | शिवनाथपुर | पंडरानी | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- भरनो | | | | |
| 57 | करंज | मालादोन | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 विजय भारती, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भरनो (9431393487) |
| 58 | डोम्बा | डोम्बा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 59 | आताकोरा | कहादेव चेंगरी | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 60 | दुम्बो | दुम्बो | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 61 | भरनो(द0) | कुम्हरो | 31.01.2025 | |
| 62 | करौंदाजोर | कोनजाली | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 अमरेश नारायन सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भरनो (9430767353) |
| 63 | सूपा | सूपा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 64 | मारासिल्ली | कुसुमबहा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 65 | अम्लिया | बनटोली | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 66 | भरनो(उ0) | बुढ़ीपाट | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- गुमला | | | | |
| 67 | पुग्गु | पुग्गु | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 बबलु सुंडी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरकुण्डा। (7903659305) |
| 68 | सिलाफारी | सिलाफारी | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 69 | फसिया | फसिया | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 70 | अरमई | उर्मी | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 71 | कुम्हरिया | कुम्हरिया | 31.01.2025 | |
| 72 | टोटो | मुरूमसोकरा | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 मयूर कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टोटो (7070118645) |
| 73 | फोरी | टिंगरा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 74 | नवाडीह | छोटालोरो | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 75 | तेलगाँव | तेलगाँव | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 76 | बसुआ | संवरीय | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- रायडीह | | | | |
| 77 | जरजट्टा | सलकाया | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 लतिका, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रायडीह (8789486303) |
| 78 | सिलम | सिलम | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 79 | उपरखटंगा | लुरू | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 80 | सुरसांग | तुलमुंगा | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 रेखा टेरेसा कुजूर, भ्र0 पशु0 पदाधिकारी, चेकपोस्ट, रायडीह (9431751860) |
| 81 | केंपुर | केंपुर | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 82 | पिबो | मरदा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 83 | सिकोई | सिकोई | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 तेज नारायण गुरू, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रायडीह (8002471594) |
| 84 | परसा | परसा | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 85 | कोंमटे | कंचोड़ा | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 86 | कांसिर | मुरूमकेला | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 87 | कोडरा | कोन्केल | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड- चैनपुर | | | | |
| 88 | बामदा | कुटया | 20.01.2025- 21.01.2025 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (9431326476) |
| 89 | बारडीह | रोघाडीह | 24.01.2025- 25.01.2025 | |
| 90 | जनावल | कटाबिल | 27.01.2025- 28.01.2025 | |
| 91 | बरवेनगर | सिलफरी | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 92 | छिछवानी | सुखड़ी | 31.01.2025 | |
| 93 | चैनपुर | चैनपुर | 27.01.2025- 28.01.2025 | डॉ0 रितु टोप्पो, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर (7541870696) |
| 94 | कातिंग | कातिंग | 29.01.2025- 30.01.2025 | |
| 95 | केंदोरा | सरखी | 31.01.2025 | |

नोटः- अपरिहार्यवश निर्धारित तिथि में शिविर का आयोजन नहीं होने पर स्थानीय पशुचिकित्सक द्वारा प्रचार-प्रसार कर अगली तिथि की सूचना दी जायेगी।

PR 344384 Animal Husbandry (24-25)_D जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

# आर्थिक गिरावट का दौर

देश की अर्थव्यवस्था के लिए हाल के आंकड़े अच्छे संकेत नहीं दे रहे हैं। सरकार ने एक्सपोर्ट और इंपोर्ट के आंकड़े जारी किए हैं, जो चिंता पैदा करने वाले हैं। इस डाटा की वजह से रुपए और शेयर बाजार में गिरावट हो सकता है। इन आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2024 में भारत का निर्यात 1% घटकर 38.01 अरब डॉलर रहा, जबकि इंपोर्ट 4.8% बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया। इसका परिणाम यह है कि व्यापार घाटा और बढ़ गया है, जो देश की आर्थिक स्थिति के लिए शुभ संकेत नहीं है। हालांकि महीने के मुकाबले दिसंबर में देश के वस्तुओं के एक्सपोर्ट में इजाफा देखने को मिला हो लेकिन बीते वर्ष की समान अवधि के मुकाबले में गिरावट देखने को मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया। दिसंबर, 2023 में यह आंकड़ा 38.39 अरब डॉलर रहा था। अगर बात नवंबर महीने की करें तो भारत का वस्तुओं का एक्सपोर्ट 32.11 बिलियन डॉलर देखा गया था, जो नवंबर 2023 में 33.75 बिलियन डॉलर से कम था।वहीं दूसरी ओर इंपोर्ट की बात करें तो भारत के इंपोर्ट में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिसंबर के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट में काफी अंतर देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के महीने में व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर 21.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। ट्रेड डेफिसिट मौजूदा वित्त वर्ष में 210.77 अरब डॉलर है। देश का आम वजट अब आने वाला है ऐसे में केन्द्र सरकार पर यह दबाव बढ़ गया है कि किस प्रकार स्थितियों को नियंत्रित करे। पेट्रोलियम पदार्थ के मूल्यों में वृद्धि से भी नुकसान हो रहा है क्योंकि इसके कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ता है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# युवा आधी आबादी की बढ़ती महत्वकांक्षा और उम्मीद

**पिछले** एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं।

मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।





\- डॉ उषा किरण

> विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(संस्कृत विभाग विमेंस कॉलेज रांची)**

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**महाकुंभ** में हम जिस अमृत तत्व का अन्वेषण कर रहे हैं, उसकी संप्राप्ति जल से ही संभव है। मां गंगा अमृतोद्भवा है, गंगा जल के प्रत्येक कण में अमृतत्व का प्रवाह है। अतः उसकी शुचिता, सातत्य और प्रवाहमानता सहेज कर रखें। कुम्भ स्नान करते हुए नदियों एवं तीर्थस्थलों की पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। महाकुम्भ के महापर्व मकर संक्रांति के दुर्लभ संयोग में अनेक पूज्य संतों, साधकों और भक्तों के साथ कल्याणी माँ गंगा, भवतारिणी माँ यमुना और अंतःसलिला माँ सरस्वती हृत्रिवेणी संगमह्न में प्रथम अमृतस्नान में सम्मिलित होकर आह्लादित हूँ।

**- अवधेशानंद गिरी**

# 26 जनवरी को होने वाला है क्या बड़ा ऐलान?

**450 मिलियन डॉलर, भारत का अचूक हथियार, गणतंत्र दिवस का खास मेहमान,**

**अभिनय आकाश**

हिन्दुस्तान के हथियारों की ताकत की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जिसमें सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। ये भारत की ऐसी मिसाइल है जिसकी काट दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। अब इसी हथियार से ड्रैगन के शिकार की तैयारी हो रही है।

अब सब ने एक खबर पढ़ी या सुनी होगी कि इस बार भारत की तरफ से इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया है। 2024 पर नजर डालें तो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया था। वहीं इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बतौर चीफ गेस्ट आने की बात जब सामने आई तो कई लोगों ने कहा कि इस बार मुख्य अतिथि के रूप में किसी बड़े देश के नेता को नहीं बुलाया गया। कई मोदी विरोधी ये तक कहने लग गए कि अब वो बात पीएम मोदी में नहीं रही, ट्रंप बुला नहीं रहे और इधर कोई बड़ा नेता भारत आ नहीं रहा। इसलिए इंडोनेशिया को ही बुला लिया गया। लेकिन 26 जनवरी के मुख्य अतिथि के द्वारा ऐसा बड़ा ऐलान किया जा सकता है, जिससे दुनिया के कई देशों के होश उड़ जाएंगे और चीन के तो माथे पर निश्चित ही पसीना आ जाएगा।

450 मिलियन डॉलर का समझौता

हिन्दुस्तान के हथियारों की ताकत की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जिसमें सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। ये भारत की ऐसी मिसाइल है जिसकी काट दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। अब इसी हथियार से ड्रैगन के शिकार की तैयारी हो रही है। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे को अंतिम रूप देने के करीब है। मामले से परिचित सूत्रों के अनुसार, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने खरीद के संबंध में जकार्ता में भारतीय दूतावास से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया है। इस सौदे की घोषणा इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की आगामी नई दिल्ली यात्रा के दौरान होने की उम्मीद है। समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारत भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य राष्ट्रीय बैंक के माध्यम से इंडोनेशिया को ऋण देने पर विचार कर रहा है।

सामयिक



गणतंत्र दिवस पर हो सकती है घोषणा

दुनिया के सबसे ताकतवर सुपरसोनिक मिसाइल की ताकत कुछ ऐसी है कि चीन जैसा देश भी इसका सामना करने से कतराता है। ब्रह्मोस प्रणाली में इंडोनेशिया की रुचि उसके रक्षा आधुनिकीकरण लक्ष्यों और क्षेत्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप है। इस सौदे से भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा संबंध मजबूत होने की भी उम्मीद है, जो जनवरी 2024 में ब्रिक्स समूह में शामिल हुआ। इंडोनेशिया के ब्रिक्स में शामिल होने से भारत सहित सदस्य देशों के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी गहरी हो गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत-रूस संयुक्त उद्यम है और यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है जिन्हें पनडुब्बियों, पोतों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है। यह मिसाइल ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना की गति से उड़ान भरती है। यह संस्करण लगभग 290 किलोमीटर दूरी तक मार सकता है।

# कलह की छेद से परेशान 'इंडिया'18 महीनों में ही बेडगर गठबंधन

**जगदीश यादव**

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ.लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही।

भारत में गठबंधन की सरकार की बात करना कोई नई नहीं है। लेकिन भाजपा के खिलाफ खासकर मोदी सरकार के खिलाफ जिस तरह से गठबंधन की नाव बन रही है। नाव के नदी में जाने से छेद होती दिख रही है। बहरहाल पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच फूट और अब उद्धव ठाकरे द्वारा अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने की घोषणा ने इंडिया गठबंधन में बड़ी दरार पैदा कर दी है। गठबंधन से जुड़े चार प्रमुख नेताओं के क्रियाकलापों ने या तो इसके टूटने के या इसे पूरी तरह खत्म हो जाने के संकेत दिए हैं।

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ.लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। हालांकि, कुछ पार्टियों को अभी भी गठबंधन के भविष्य को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। जुलाई 2023 में बेंगलुरु में उक्त गठबंधन की नींव रखी गई थी, जिसमें 26 पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान, गठबंधन ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए को चुनौती दी गई थी। नतीजतन, भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं रही। चुनाव में एनडीए ने 296 सीटें जीतीं, जबकि इंडिया गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं। गठबंधन ने इसे अपनी जीत माना। हालांकि, लोकसभा चुनाव के ठीक आठ महीने बाद, गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया है, बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। इस विभाजन के लिए राजनीति के जानकार चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन में दरार दिखने लगी थी। कांग्रेस ने अपने अड़ियल रवैये के कारण हरियाणा में एक जीतने लायक चुनाव गंवा दिया, जो गठबंधन के प्रति उसके रवैये तक फैल गया। इससे सहयोगी दल सतर्क हो गए

सामयिक



और गठबंधन के भीतर नए नेतृत्व की मांग उठने लगी। हरियाणा चुनाव नतीजों के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रस्तावित 10 सीटों में से दो सीटें कांग्रेस को देने पर सहमति बनी। हालांकि, अखिलेश ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। जबकि, गठबंधन के एक नेता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अति आत्मविश्वास में आ गई है। लचीला रुख अपनाने के बजाय वह और सख्त होती गई। यह व्यवहार महाराष्ट्र में भी देखने को मिला। पहले कांग्रेस संसद में मुद्दे उठाने से पहले सहयोगी दलों से सलाह लेती थी। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान यह प्रथा खत्म हो गई और कांग्रेस के नेता स्वतंत्र रूप से काम करने लगे। सपा, तृणमूल और एनसीपी ने उद्योगपति गौतम अडानी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का खुलकर विरोध किया और पार्टी के रुख का समर्थन करने से इनकार कर दिया। देका जाए तो कांग्रेस कथित तौर पर अडानी मुद्दे पर अपने सहयोगियों के समर्थन की कमी से परेशान है, जिसे वह एक बड़ी चिंता मानती है। कांग्रेस को लगता है कि एकता की कमी से उसकी छवि खराब हो रही है और बदले में उसने ऐसे सहयोगियों को प्राथमिकता देना बंद कर दिया है जो ऐसे मुद्दों पर मुखर नहीं हैं।

कांग्रेस की अपने आधार को बढ़ाने की महत्वाकांक्षा ने भी तनाव को बढ़ावा दिया है। पार्टी ने हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ा और महाराष्ट्र में अधिक सीटों के लिए दबाव बनाया, लेकिन दोनों राज्यों में विफल रही। बिहार में आरजेडी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को डर है कि 2025 और 2026 में उनके अपने राज्यों में भी इसी तरह की दबाव वाली रणनीति अपनाई जाएगी। छोटी पार्टियों का तर्क है कि उन्हें उन राज्यों में गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए जहां उनके पास महत्वपूर्ण जन समर्थन है, वे एनडीए का उदाहरण देते हैं, जहां आंध्र प्रदेश में टीडीपी और बिहार में नीतीश कुमार की जेडी(यू) आगे है। खैर जो भी हो जुलाई 2023 में अपने गठन के बाद से, इंडिया गठबंधन ने न तो कोई नेता नियुक्त किया है और न ही कोई संयोजक। ममता बनर्जी ने गठबंधन का नेता बनने में रुचि दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कोई भाव ही नहीं दी।

## स्पीड न्यूज

### अस्पताल में मरीजों से मिले सतीश सिन्हा



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरूवार को नईसराय अस्पताल का दौरा कर विभिन्न समस्याओं से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर सतीश सिन्हा नईसराय अस्पताल के सभी डिपार्टमेंट का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मरीजों का भी हाल-चाल जाना। साथ ही अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सतीश सिन्हा ने नईसराय अस्पताल के सीएमएस चक्रबर्ती जी से मुलाकात कर कई समस्याओं से भी अवगत हुए। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सभी मुद्दों को सीसीएल मुख्यालय में उठाया जाएगा। साथ ही इसके सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। मौके पर यूनियन के नईसराय अध्यक्ष शरण, सचिव आफताब आलम, कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन महतो, बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो, कुजू सेफ्टी बोर्ड सदस्य तेजनाथ महतो, शहाबुद्दीन, खालिद, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

### वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष के मां का निधन



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु की मां पार्वती देवी 82 वर्ष का बुधवार की रात्रि पुस्तैनी आवास ग्राम बलकुदरा में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। गुरूवार को ग्राम बलकुदरा स्थित नदी घाट में उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया गया। राजेन्द्र प्रसाद साहु के माता के निधन पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, संगठन सचिव राजाराम प्रसाद आदि ने शोक व्यक्त किया है। इधर पार्वती देवी के निधन को लेकर 18 जनवरी को पतरातू डैम में होने वाले प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अगली कोर कमेटी की बैठक में आगे की तिथि पर विचार किया जाएगा।

### धनबाद के सदस्यता प्रभारी बने संतोष



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने भुरकुंडा निवासी संतोष यादव को धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी बनाया। साथ ही निर्देश दिया है कि जिला अध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिये ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़कर सदस्य बनाने का काम करें। ताकि संगठन को मजबूती प्रदान कर राजद सुप्रीमो लालू यादव के हांथो को और मजबूत करने का काम किया जा सके। इधर राजद के नवमनोनित धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी संतोष यादव कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। उन्होंने को सबों को एक सूत्र में पिरोकर राजद को और बुलंदियों तक ले लाना मेरी प्राथमिकता होगी। संतोष यादव के धनबाद जिला का सदस्यता प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, युवा राजद महासचिव संजय यादव, मजदूर नेता ललन सिंह, बैजनाथ यादव, वाहिद अंसारी, जानकी ठाकुर, संतोष मिश्रा, गोविंद बड़ाईक व अन्य ने बधाई दी।

### सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से गुरूवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप स्थित लिटिल जेम्स स्कूल में तीन महीने के उन्नत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीटीवी) के 11 प्रतिभागी शामिल हैं। बताया गया कि उन्नत सिलाई प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को पेशेवर कौशल प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीकों और व्यावसायिक कौशल का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कहा गया कि यह कार्यक्रम स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### डाक अधीक्षक से मिला कर्मचारी संघ



रजरप्पा। भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) रामगढ़ शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार महतो और सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने हजारीबाग प्रमंडल हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष एवं सचिव ने जीडीएस के समक्ष आनेवाली विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसका निराकरण जल्द करने का उन्होंने आश्वासन दिया।

### जियारत अंसारी का हुआ स्वागत



कुजू। जनता मजदूर संघ शाखा कमिटी द्वारा तोपा परियोजना के शॉपिंग सेंटर में सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजकुमार दास ने किया। मोहम्मद जियारत अंसारी आरसीएमयू छोड़कर अपने सहयोगियों के साथ जनता मजदूर संघ में सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से शामिल से संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो के द्वारा सदस्यता ग्रहण कराते हुए सदस्य रसीद एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, वेलफेयर सदस्य नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो रंजीत सिंह, राजकुमार दास, अरविंद सिंह, एमडी सफीक अंसारी, बिगन राम, ओम प्रकाश अग्रवाल, बालेश्वर राम, बबलू मांझी, परवेज अंसारी, राजेंद्र मुंडा व अन्य मौजूद थे

# हजारीबाग प्रेस क्लब का होगा जीर्णोद्धार

## डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

- प्रेस क्लब के हर सकारात्मक पहल का समर्थन करेगा जिला प्रशासन : नैंसी सहाय
- भवन की चहारदीवारी का भी किया जायेगा निर्माण
- वर्षों की मेहनत और संघर्ष का सुखद परिणाम: उमेश प्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन करते डीसी व एसपी ।



वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित करते उपाध्यक्ष व सह सचिव ।

**हजारीबाग।** पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और इसे सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रेस क्लब हजारीबाग भवन के जीर्णोद्धार का उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को फीता काटकर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एसपी अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों और पत्रकारों का उत्साह देखने लायक था।

**पत्रकारों को मिलेगा नया ठिकाना** : झील रोड स्थित प्रेस क्लब भवन वर्षों से जिले के पत्रकारों का केंद्र रहा है। लेकिन इसकी बदहाल स्थिति पत्रकारों के लिए एक चुनौती बन गई थी। अध्यक्ष उमेश प्रताप और उनकी टीम ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए भवन के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। इस परियोजना को सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास और प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**डीसी और एसपी ने जताया विश्वास** : उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेस क्लब हजारीबाग की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास पत्रकारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। यह भवन न केवल बेहतर संसाधन प्रदान करेगा, बल्कि पत्रकारों के लिए एक प्रेरणादायक स्थान भी बनेगा। प्रशासन प्रेस क्लब के हर सकारात्मक पहल का समर्थन करेगा। शीघ्र ही इस भवन की चहारदीवारी का भी निर्माण किया जाएगा।

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेस क्लब का यह कदम सराहनीय है। पत्रकार समाज और देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रेस क्लब हजारीबाग को भविष्य में भी हमारा पूरा सहयोग मिलेगा।

**सामूहिक प्रयास की मिसाल** : प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि भवन का जीर्णोद्धार सभी साथियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह हमारी वर्षों की मेहनत और संघर्ष का सुखद परिणाम है। यह भवन पत्रकारों के लिए एक नया ठिकाना बनेगा और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ावा देगा। सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि यह भवन हजारीबाग के पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम डीसी, एसपी और सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह प्रयास पत्रकारों के हित में एक नई दिशा प्रदान करेगा।

लीडरशिप की प्रशंसा : कार्यक्रम में उपाध्यक्ष उमेश राणा, अभय कुमार सिंह, सह सचिव नवीन सिन्हा और देवनारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ पाठक ने अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्र के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनके लीडरशिप में प्रेस क्लब न केवल प्रगति कर रहा है, बल्कि यह पत्रकारिता के लिए नई संभावनाओं को भी जन्म दे रहा है। पूरी टीम इस उपलब्धि के लिए बधाई की पात्र है।

**सम्मान समारोह और पौधरोपण:** कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन ने प्रेस क्लब की भूमिका को सराहा। उन्होंने इसे समाज के लिए एक सकारात्मक प्रयास करार दिया। इसके बाद अतिथियों ने प्रेस क्लब परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

भवन निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए संवेदक मुकेश कुमार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्र को उनके नेतृत्व और योगदान के लिए शॉल और स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

विशेष उपस्थिति और आभार : कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य मो. शमीम अहमद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमूल्य चंद्र पांडेय ने दिया। समारोह में जिले के सैकड़ों पत्रकार, वरिष्ठ पत्रकार, गणमान्य लोग और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें सहदेव प्रसाद लोहानी, डॉ. जफरुल्लाह सादिक, डॉ. प्रसन्न मिश्र सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल थे।

पत्रकारों का सशक्त मंच प्रेस क्लब : प्रेस क्लब हजारीबाग का जीर्णोद्धार केवल भवन निर्माण का कार्य नहीं है, बल्कि यह पत्रकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा, ₹यह बदलाव सभी सदस्यों और प्रशासन के सहयोग का परिणाम है। हमारा लक्ष्य पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। भविष्य में भी प्रेस क्लब पत्रकारों के हित में काम करता रहेगा।₹ यह उद्घाटन समारोह न केवल प्रेस क्लब हजारीबाग के लिए, बल्कि पूरे पत्रकार समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में याद किया जाएगा।

## टीएसपीसी व पीएलएफआइ के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाइल तैयार करें : एसपी

**जनता की शिकायत पर अविलंब कार्रवाई करें थाना प्रभारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अति संवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनए० अन्तर्गत ।। एफ- 1 से 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एंड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशिल रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के कांडों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने । थाना/ओपी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर निगरानी रखते हुए सुरक्षा मुहैया कराने, हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में डीएसपी (मु०), एसडीपीओ, रामगढ़/पतरातु, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी पुलिस केन्द्र रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना / ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

### टोल प्लाजा के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को ओरमांझी टोल प्लाजा के पास जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ द्वारा जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा उपस्थित आम जनता, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमो का दृढ़ता पूर्वक पालन करने का शपथ लिया गया । बिना हेलमेट के मोटरसाईकिल चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनाया गया तथा गुलाब का फुल देकर सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डीएसपी (मु०), एसडीपीओ, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़, यातायात प्रभारी रामगढ़ एवं जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुयी टेलीकॉम समिति की बैठक

**रामगढ़।** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक हुयी। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से मोबाइल टावर. झारखंड. गोव. इन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है। बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत 3 मोबाइल टॉवर को सभी कागजात पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृति दी गई।

## कार-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा फोरलेन सड़क पर बुधवार देर रात कार व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रामनगर कुजू निवासी नितेश भुईयां (25 वर्ष) और गोलू पल्सर बाइक संख्या जेएच 20 ई 6382 पर सवार होकर चरण पहाड़ी से टुसू मेला देखकर लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा में रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे हैं फॉर्च्यूनर जेएच 01एफ के9393 के बीच टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कुजू पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद युवकों की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान नितेश भुइयां की मौत हो गई। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने फॉर्च्यूनर में तोड़फोड़ की।

### सुभाष चौक के निकट सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम आज

रामगढ़। रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में 17 जनवरी को शहर के सुभाष चौक के निकट 11:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी चंदन कुमार, उदघाटनकर्ता एसपी अजय कुमार होंगे।

उक्त जानकारी रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

## प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का मना स्थापना दिवस

- अधिकार के लिए आंदोलन करता है यूनियन : मनोज गुप्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौंदा हाथीदाड़ी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में गुरूवार को सीटू से संबद्ध राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया।

सर्वप्रथम यूनियन के लोगों ने संगठन के पूर्व साथी स्व. शिवकुमार मांझी, मंगल सिंह, रघुवंश प्रसाद सिंह, उदय शंकर ओझा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कॉ. आरपी सिंह चन्देल एवं केंद्रीय सचिव कॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर की। इस अवसर पर यूनियन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने कहा कि हमारे यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। हमारी यूनियन सीसीएल सहित अन्य कंपनियों में फैली हुई है। उन्होंने कहा कि कोयला मजदूरों की समस्याओं समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता है। श्री चंदेल ने मजदूरों से हक-अधिकार के लिए अपनी चट्टानी एकता बनाएं रखने का आहवान किया। केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने संगठन के संस्थापक सह महामंत्री ओमप्रकाश सिन्हा, संस्थापक सहायक महामंत्री विशेश्वर ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि हमारी यूनियन औद्योगिक हित में काम करते हुए अधिकार का आंदोलन करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूर एवं किसान विरोध है। केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ कोयला मजदूरों को एजकुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) केंद्रीय नेतृत्व व सीटू के दिशा-निर्देश और परामर्श से संगठन का विस्तार करेगा। मौके पर आजाद भुंइया, सुरेश महतो, मिठुन भुंइया, अमित सोरेन, कुंदन कुमार, जगरनाथ पासवान, गोविन्द करमाली, विक्की टण्डन, लाल मोहन मुंडा, भोला कुमार राणा, सनोज कुमार, रामदेव रवि आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### विधायक मनोज यादव ने गरीबों को दिया कंबल



बरही। विधायक मनोज कुमार यादव ने ठंड के प्रकोप से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंदों को राहत देने के लिए करसो पंचायत के खैराटीला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान 40 जरूरतमंद लाभुकों को कंबल वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है, और उनकी प्राथमिकता यही है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। विधायक मनोज यादव ने कहा, ₹सरकार और प्रशासन के सहयोग से गरीबों को हरसंभव सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मेरे नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, मैं हर वक्त जनता के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कंबल वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, करसो मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, मुखिया प्रत्याशी राजकुमार केशरी और अन्य स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजकुमार यादव, अमित कुमार उर्फ पम्पम, सचिन यादव, संतोष निषाद, अजित रविदास, टिंकू आलम, ज्योतिष यादव, युगल यादव, अशोक यादव और बुधन भुइयां सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विधायक ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि ठंड के इस मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।

### गिद्दी डीएवी के बच्चों ने बांटा गर्म वस्त्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। गिद्दी डीएवी के बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ गुरूवार को रामनवमी मैदान लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के झोपड़ पट्टी में निवास करने वाले जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र और भोजन सामग्री का वितरण किया। जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र और भोजन सामग्री का वितरण करते हुए गिद्दी डीएवी के प्राचार्या माना प्रिया चटर्जी, शिक्षक सुमित सिन्हा, उमाशंकर प्रसाद और मेघा राय ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कर्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यों से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही विद्यार्थियों में जरूरतमंदों को मदद करने की प्रेरणा जागृत होती है।

### मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने सड़कों को लेकर कार्यपालक अभियंता को भेजा पत्र



**बरही।** बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष और मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने पंचायत क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए जोरदार पहल की है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता, आरईओ रोड प्रमंडल, हजारीबाग को पत्र लिखकर क्षेत्र की सड़कों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। विजय यादव ने कहा कि बेहतर सड़कों का निर्माण न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगा। मुखिया विजय यादव ने अपने पत्र में पंचायत क्षेत्र की चार प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग की है। ग्राम बुंडू के आरईओ रोड से वाया बेलादोहर स्कूल होते हुए पीडब्ल्यूडी रोड बेलादोहर तक। ग्राम बुंडू के आरईओ रोड से वाया मॉडल स्कूल और स्वास्थ्य उपकेंद्र होते हुए ग्राम बाघमारा तक। ग्राम चतरो के पीडब्ल्यूडी रोड से बरसोती नदी तक। ग्राम मलकोको के आरईओ रोड से पंचायत भवन होते हुए ग्राम पहाड़पुर तक।

## कोडरमा में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

# खेती कर स्वयं एवं जिला को भी बनायें समृद्ध : डॉ. नीरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से प्रखंड कार्यालय परिसर कोडरमा (ब्लॉक मैदान) में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. नीरा यादव शामिल हुए। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव, डीडीसी ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कृषि मेला का शुभारंभ किया। वहीं विधायक ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में महिला किसान बढ़नें बेहतर कार्य कर रही हैं, किसानों को और बेहतर कृषि करने के लिए प्रशिक्षण दें, मृदा की जांच कराकर उन्हें बेहतर फसल उत्पादन करने के तरीके से अवगत करायें। वहीं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और अपने कोडरमा जिला को भी समृद्ध बनायें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि कृषि से संबंधित हर चीजों को ध्यान देने की जरूरत है। प्रखंड स्तर पर मृदा की जांच करें और उसी स्तर पर फसल का उत्पादन करें, इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, जल संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत बागवानी योजना का लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

कृषि मेला में एग्री क्लीनिक सेंटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्योग विभाग (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड), मत्स्य विभाग, इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को ऑपरेटिव लिमिटेड कोडरमा, गव्य विकास कार्यालय, पशुपालन विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाए गए।

**किसानों के उत्पादित फसलों की उद्यान प्रदर्शनी :** कृषि मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फसलों की उद्यान प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें कोहड़ा, कद्दू, अमरूद, पपीता, केला, मटर, नींबू, हल्दी, आलू, पतगोभी, मूली, शलजम, मिर्चा, टमाटर, गाजर, सेम, ब्रोकली, फूलगोभी, प्याज, अदरक, लहसुन समेत कई सब्जी और फल-फूल की प्रदर्शनी लगायी गयी। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल और कृषि विज्ञान केन्द्र के पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को बताया और उन योजनाओं का लाभ कैसे उठाएं इसकी जानकारी दी। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के पदाधिकारी, कृषि विभाग के पदाधिकारी, कर्मी, किसान मित्र समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## डॉ. नीरा यादव ने कोडरमा नगर पंचायत के तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने तीन योजनाओं में दो नाली एवं एक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का फीता काट कर नारियल फोड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें क्रमशः वार्ड 09 में सात लाख छियत्तर हजार नौ सौ रुपए की लागत से विवेक मेडिकल से बैजू यादव के बाउंड्री तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित, वार्ड 13 में छह लाख सोलह हजार पांच सौ रुपए की लागत से उपेन्द्र यादव के घर से उमेश सिंह के घर तक पीसीसी पथ एवं वार्ड 10 दुधीमाटी में तीन लाख निनानवे हजार चार सौ रुपए की लागत से गणेश बर्णवाल के घर से दुधीमाटी मेन नाली तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर उपस्थित दुधीमाटी के स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया कहा कि हम सभी आपका बहुत-बहुत आभारी हैं, जो उन्होंने यह नाली की स्वीकृति करवाई। वहीं स्थानीय रंजु कुमारी एवं सुषमा देवी ने फूल का गुलदस्ता देकर डॉ. नीरा यादव का स्वागत किया एवं आभार जताया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आपके जनहित के सारे कार्य अवश्य पूरे किए जाएंगे, इसके लिए मैं कृतसंकल्पित हूं। मौके पर विभाग के कनीय अभियंता प्रदुम्न कुमार, गौरव मिश्रा, संजीव यादव, राजकुमार यादव, चंदन सिंह, दिवाकर कुमार, गजाधर शर्मा, आदित्य पांडे, मनोज झा, सौबिक दत्ता, अनिल पांडे, विभूति सिन्हा, बंटी सिंह, अजय यादव, सुजल रंजन, रंजीत पांडे, सुजल सिंह, सोनी अग्रवाल, उर्मिला शर्मा, संजय साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### इटखोरी महोत्सव की तैयारियां शुरू, भव्य आयोजन की योजना



**चतरा।** इस साल इटखोरी भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महोत्सव समिति और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की जाएगी। महोत्सव को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए प्रशासन ने अलग-अलग विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। आयोजन स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय कलाकारों की भागीदारी को लेकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उपायुक्त रमेश घोलप ने स्थानीय निवासियों से इस महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देगा और इससे इटखोरी की पहचान और मजबूत होगी। महोत्सव के माध्यम से इटखोरी के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा। प्रशासन को उम्मीद है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापार को भी फायदा होगा।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक, झंडोतोलन की समय सारणी तय



**गिद्धौर।** गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने की। इसमें जिप सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव और उप प्रमुख प्रीतम यादव समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में गिद्धौर प्रखंड में अलग-अलग स्थानों पर झंडोतोलन की समय सारणी तय की गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह 9:15 बजे, सिंगल विंडो सुबह 9:30 बजे, सभी पंचायत भवन सुबह 9:35 बजे, थाना परिसर सुबह 9:45 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबह 9:50 बजे, प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय सुबह 10:00 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सुबह 10:15 बजे। बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर अमृता अनुप्रिया और डॉक्टर अंजली कुमारी भगत, कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी और महामंत्री मनोज कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### चतरा में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। इसमें सांसद प्रतिनिधि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रांची के प्रबंधक, नाबार्ड के डीडीएम, जिला उद्योग केंद्र के मुख्य प्रबंधक, जेएसएलपीएस के डीपीएम, और जिले के सभी बैंकों के समन्वयक समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक की शुरुआत में उप विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों से परिचय लिया और जिले के सभी बैंकों को कृषि क्षेत्र, विशेष रूप से केसीसी के प्रदर्शन में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर भी जोर दिया। बैठक में जिले के ऋण जमा अनुपात पर भी चर्चा हुई। चतरा जिले का ऋण जमा अनुपात 32.35 प्रतिशत है, जो न्यूनतम 40 प्रतिशत के मानक से कम है। इस पर उप विकास आयुक्त ने सुधार के निर्देश दिए। बैठक में आरसेटी चतरा के प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों से कहा कि अगली बैठक तक अपने प्रदर्शन में सुधार लाएं और संतोषजनक परिणाम दें।।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत के हरिजन टोला गांव में गुरुवार को महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तर्केश्वर दास के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी पवन कुमार और सहिया दीदी सीमा कुमारी ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को महिला उत्पीड़न, महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी, बाल विवाह और मजदूरों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। शिविर में बताया गया कि महिला सशक्तिकरण से महिलाएं अपने अधिकारों के लिए जागरूक होकर समाज में मजबूत स्थिति बना सकती हैं। इसके लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।शिविर में नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया, जिससे जरूरतमंद महिलाएं और मजदूर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### फल एवं सब्जी प्रदर्शनी में किसानों को किया गया सम्मानित



**चतरा।** जिले में जिला स्तरीय फल एवं सब्जी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार, आत्मा चतरा के तत्वावधान में अनुमंडल कृषि प्रक्षेत्र, तपेज चतरा में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, चतरा विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी और उप विकास आयुक्त समेत अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कृषि एवं संबद्ध विभाग, जेएसएलपीएस, बीज कंपनियों, कृषि यंत्र कंपनियों, पीडीएमसी कंपनी, इफको कंपनी, बिरसा कृषक पाठशाला और इंडियन नर्सरी के स्टॉल लगाए गए। जिले के सभी 12 प्रखंडों के किसानों ने अपने उत्कृष्ट कृषि उत्पाद प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में कुल 75 किसानों को उनके उत्कृष्ट कृषि उत्पादों के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही 6 किसानों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस आयोजन में लगभग 600 किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक दल और कृषि विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।

### कार गड्ढे में गिरी, चार घायलों की हालत गंभीर

**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के हंटरगंज-शेरघाटी बायपास पथ पर स्थित आमीन पुल के समीप गुरुवार अहले सुबह करीब 9 बजे एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। इसमें सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते हंटरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। कार हंटरगंज से शेरघाटी जा रही थी। घायल युवकों की पहचान शिवशंकर चौधरी के पुत्र बबलू कुमार (20), संजय यादव के पुत्र सुशांत कुमार (25), राजेन्द्र सिंह के पुत्र सनी कुमार(20), केके यादव के पुत्र राहुल कुमार यादव (26) के रूप में हुई। सभी बिहार के गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेलिया बीघा गांव का रहने वाले हैं।

### चोरी की बैटरी के साथ दो युवक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया।** थाना अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती के एक घर के बाहर रखे टोटो से बैटरी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। चोरी की सूचना पर घटना के उद्भेदन को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार पुनि. सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में तिलैया थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। छापामारी के दौरान दो अभियुक्त संजय कुमार (35) पिता नागेश्वर सिंह गुमो वार्ड न.22 एवं बब्लु कुमार (21) पिता भगवान साव तिलैया बस्ती थाना तिलैया निवासी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी गई बैटरी को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुनि. सह प्रभारी विनय कुमार, पुअनि. रघुनन्दन सिंह, सशस्त्र बल तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

### एसपी ने किया कोडरमा थाना का औचक निरीक्षण



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा गुरुवार को कोडरमा थाना सहित महिला थाना और एससी/एसटी थाना का औचक निरिक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कोडरमा थाना परिसर के साफ-सफाई को लेकर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा थाना परिसर में पुलिस क्लब का भी निर्माण होना है, जिसको लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। मौके पर कोडरमा थाना प्रभारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### अरविंद कुमार बने कोडरमा थाना प्रभारी



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने आदेश जारी कर पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार को कोडरमा थाना के नए थाना प्रभारी नियुक्त किए हैं। वहीं वर्तमान थाना प्रभारी सुजीत कुमार को मायका अंचल प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद नए थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी लोगों के सहयोग से आगे काम करेंगे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में हमेशा तत्पर रहेंगे।

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधीमाटी स्थित एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटना के सत्यापन के लिए एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। छापामारी के दौरान एक अभियुक्त 20 वर्षीय दिलीप कुमार सिंह पिता स्व.. बालेश्वर सिंह गोतिया थाना पदमा सरैया जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की गई सामग्री को बरामद किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 10/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुनि.सह प्रभारी सुजीत कुमार, सअनि.लालसाहय उरांव व सशस्त्र बल कोडरमा थाना के जवान शामिल थे।

### पुत्र की गुमशुदगी को लेकर थाना में दिया आवेदन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना अंतर्गत असनाबाद निवासी रंजीत यादव पिता कपिल यादव ने गुरुवार को तिलैया थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं उन्होंने बताया है कि 15 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे उनका 10 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार असनाबाद स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ने के लिए निकला था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, देर शाम से रात तक आसपास के इलाकों में खोजबीन करने के बाद भी जब बच्चे का कुछ पता नहीं चला तो पिता ने गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

डोमचांच (कोडरमा)। थाना अंतर्गत नीरु पहाड़ी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटर साइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक युवक की पहचान 25 वर्षीय आनंद कुमार पिता अशोक राम उपर टोला महथाडीह डोमचांच निवासी के रूप में की गई है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त युवक कोडरमा से डोमचांच की ओर आ रहा था तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### अवैध ढिबरा लदा बारह चक्का ट्रक जब्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह पथ पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में चंचालनी गेट के समीप अवैध ढिबरा लदा बारह चक्का ट्रक को जब्त किया गया, साथ ही चालक एवं मालिक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुवार की सुबह लगभग 7:35 बजे एक बारह चक्का ट्रक ढिबरा लदा हुआ, चंचालिनी गेट के समीप से आ रहा है। सूचना के आलोक में डोमचांच वन गश्ती टीम कोडरमा-गिरिडीह पथ पर चंचालनी गेट के समीप छापेमारी करते हुए एक 12 चक्का ट्रक नं0-जेएच02एके-3341 को जब्त किया। जब्त ट्रक में लगभग 25 टन डिबरा लोड था। वहीं मौके से चालक एवं ढिबरा मालिक सह गाड़ी मालिक सुजय कुमार पिता मोहन प्र.यादव ग्राम घघरीकुरा थाना तिसरी जिला गिरिडीह निवासी को गिरफ्तार किया गया। जब्त ढिबरा लगभग दस लाख रुपया का बताया जा रहा है। वहीं जांचोपरान्त चालक द्वारा बताया गया कि नम्बर प्लेट दूसरी गाड़ी का लगा हुआ है। इसका नम्बर प्लेट गाड़ी में रखा है, जो गाडी पकड़ी गई है, उसका नं-जेएच10एबी-0381 है। मामले को लेकर अग्रेत्तर कार्यवाई की जा रही है। छापेमारी दल में वनरक्षी राजेश शर्मा, पिन्टू पंडित, सुनिल कुमार दास, अभिमन्यु कुमार शामिल थे।

## उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें, जगह-जगह पर स्प्रिंग पोस्ट लगायें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। वहीं उपायुक्त ने डीटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें, आवश्यकतानुसार जगह-जगह पर स्प्रिंग पोस्ट लगायें। सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए आवश्यकता अनुसार स्थानों पर रबर स्टैंप लगाने को कहा गया। सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले एवं बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही आमजनों के बीच हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान का आयोजन करें। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएमओ समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला खनन टास्क फोर्स समिति के अध्यक्ष मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने, वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी सघन कार्रवाई करने, ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ.अनिल कुमार, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएमओ समेत अन्य मौजूद थे।

# एक चिकित्सक एक जिले में अधिकतम दो संस्थानों में कर सकते हैं अल्ट्रासाउंड

### पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और पीसीपीएनडीटी एनएचएम के राज्य नोडल पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में राज्यस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीसीपीएनडीटी एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान पीसीपीएनडीटी एक्ट के विभिन्न धाराओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही कार्यशाला में राज्य में गिरते लिंगानुपात के सम्बंध में जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बताया गया कि एक चिकित्सक के द्वारा एक जिले में अधिकतम दो संस्थानों में ही अल्ट्रासाउंड का कार्य सकते हैं, अल्ट्रासाउंड केंद्रों में आने वाले सभी मरीजों का रिकार्ड रखने, मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने, किसी भी हाल में लिंग का जांच नहीं करने, सभी गर्भवती महिलाओं का रिकार्ड संधारण करने आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, एसीएमओ सह डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीपीसी पंकज कुमार, विनीत अग्निहोत्री आदि मौजूद थे।

### अल्ट्रासाउंड केंद्रों में पाई गई खामियां, संचालकों से मांगा गया स्पष्टीकरण

- एडवांस अल्ट्रासाउंड को किया गया सील, अल्ट्रासाउंड संचालकों में हड़कंप

**कोडरमा।** जिला प्रशासन की ओर से एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जिले में संचालित 13 अल्ट्रासाउंड केंद्रों में एक साथ जांच की। एसडीओ के साथ विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ-सीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी व नगर प्रशासक के साथ पुलिस बल जांच में शामिल थे। जांच के दौरान गड़बड़ी पाये जाने पर झुमरीतिलैया के राजगढ़िया रोड में संचालित एडवांस अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया, वहीं तीन-चार अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी जांच के दौरान कुछ कमियां पायी गयी। इन सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के सख्त अनुपालन को लेकर एसडीओ के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया, टीम ने एक साथ 13 अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जांच शुरू की, जांच शुरू होते ही राजगढ़िया रोड में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान एडवांस अल्ट्रासाउंड में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अल्ट्रासाउंड करने व उसके प्रिस्क्रिप्शन में छेड़छाड़ प्रतीत होने पर एसडीओ ने तत्काल उक्त केंद्र को सील करा दिया। वहीं अन्य केंद्रों में पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच की गयी। इस दौरान एक दो केंद्र में डॉक्टर का फोटो डिस्पले नहीं होने, कागजात में त्रुटि पाये जाने की बात सामने आयी। ऐसे तीन-चार केंद्रों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि जांच के दौरान एडवांस अल्ट्रासाउंड को फिलहाल सील किया गया है। विस्तृत जांच के बाद आगे का कदम उठाया जायेगा। वहीं जिन केंद्रों में नियमों का पालन नहीं हो रहा था उनको स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

# इटखोरी बाजार में चला प्रशासन का बुलडोजर, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी बाजार और उसके आसपास के इलाकों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। गुरुवार सुबह सीओ सविता सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। सीओ सविता सिंह सुबह-सवेरे इटखोरी चौक पहुंचीं और स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

सीओ ने घर-घर जाकर लोगों को सख्त चेतावनी दी और तुरंत अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चलाया जाएगा, जिसमें किसी को भी विशेष छूट नहीं दी जाएगी। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर अधिकारियों को जेसीबी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**इतवार बाजार का हुआ निरीक्षण :** प्रशासन ने इतवार बाजार का भी दौरा किया और वहां से अवैध अतिक्रमण हटाया। अधिकारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाएगा ताकि दुकानदारों को अपनी दुकानें लगाने में सहूलियत हो।

**स्थानीय निवासियों ने किया समर्थन :** अभियान के दौरान कई स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने से बाजार की स्थिति सुधरेगी और लोगों को राहत मिलेगी। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम जारी रहेगी और अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सब्जी दुकानें हटाने पर व्यापारियों में नाराजगी, बेहतर व्यवस्था की मांग



इटखोरी बाजार में सब्जी दुकानों को हटाए जाने से स्थानीय सब्जी व्यापारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने उन्हें हटाने का निर्देश तो दे दिया, लेकिन उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। इससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन की ओर से इतवार बाजार में नई जगह देने की बात कही गई है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि वहां साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का अभाव है। व्यापारियों ने मांग की है कि पहले वहां बेहतर व्यवस्था की जाए, फिर सभी सब्जी विक्रेताओं की एक सूची तैयार कर व्यवस्थित रूप से जगह दी जाए। व्यापारियों ने प्रशासन से अपील की है कि उनके लिए उचित स्थान और सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि वे अपना व्यापार सुचारू रूप से चला सकें।

# चतरा में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया गया चयन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रमेश घोलप ने की, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6 करोड़ रुपये की योजनाओं का चयन किया गया। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया, प्रखंड कार्यालयों को मुख्य सड़कों से जोड़ने वाले रास्तों का निर्माण, शहीद विनय भारती पार्क के पीछे तालाब का सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट लगाने, कस्तूरबा विद्यालय का पहुंच मार्ग, लावालौंग के ग्राम टिकदा में सड़क निर्माण, नगर परिषद चतरा की लाइब्रेरी में कुर्सी-टेबल की व्यवस्था और डीएमएफटी हॉल के पास दो बाथरूम निर्माण जैसी योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप ने जिला योजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि स्वीकृत योजनाओं को जल्द लागू किया जा सके।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता और अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रक्तदान से शरीर होता है स्वस्थ्य, बचता है दूसरों का जीवन : रोहित खंडेलवाल



गुमला। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा गुमला के द्वारा गुरुवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने कहा कि खून को साफ करने के लिए रक्तदान करना अति आवश्यक है। रक्तदान से सभी स्वस्थ रहते है और दूसरे जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए। मौके पर लैब टेकनीशियन राकेश सिंह, अंजू किंडो, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष समित साबू, सचिव संजीव मालानी, पंकज साबू, अमित मंत्री उर्फ गोलू, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष आभा अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, रचना अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 में शामिल विद्यार्थी हुए सम्मानित



घाघरा। झारखंड राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 में शामिल और जिला में द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले राजकीय मध्य विद्यालय सारंगो घाघरा के छात्रों को विद्यालय में शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदय प्रताप जायसवाल ने बताया कि ओलंपियाड 2024 के प्रथम चरण की परीक्षा में विद्यालय के छात्र सरजून उरांव, अमन बैठा, छात्रा सोनिया कुमारी, रुपाली कुमारी को सामान्य ज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषय में जिले में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह भी बताया कि राज्य स्तर पर पंजीकृत लगभग 84 हजार छात्रों में से 1352 छात्र द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु योग्यता प्राप्त किए हैं। जिसमें चारों छात्र-छात्रा शामिल है। सम्मानित करने और बधाई देने वाले शिक्षकों में शंभू नाथ पांडे, बंधन लकड़ा, राजेंद्र भगत, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, अरुण महतो, रघुनाथ भगत, कमला कुमारी, सुजीत साहू, रतिंदर भगत के नाम शामिल हैं।

## आनंद स्वरूप साहू मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन



गुमला। स्वतंत्रता सेनानी शहीद आनंद स्वरूप साहू मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से थाना प्रभारी गुमला को गुरुवार को आवेदन सौंपकर कई मामले रखे गये। जिसमें ट्रस्ट के महासचिव द्वारा कहा गया गुरुवार को ट्रस्ट के प्रतिनिधियों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शहीद आनंद स्वरूप साहु की स्मृति भवन के बखुतरा जिसमें प्रतिमा स्थापित है का निरिक्षण व अवलोकन किया गया। इस क्रम में पाया गया कि प्रतिमा की स्थापना के समय लगाये गये शीलापट्ट का दक्षिणी भाग जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों के नाम अंकित था वह गायब है। इससे प्रतीत होता है कि किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा यह कृत्य की गई है। इसकी जांच कर शीलापट्ट बरामद करने व भविष्य में वैसी घटना न घटे इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग थाना प्रभारी गुमला से की गई। थाना प्रभारी गुमला से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में ट्रस्ट के महासचिव पुरुषोत्तम साहू कोषाध्यक्ष डॉ कैलू साहू, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, सुनील दास, शीला सिंह, विष्णु राम आदि उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने जननायक कामरेड महेंद्र सिंह का मनाया शहादत दिवस



गुमला। भाकपा माले गुमला के द्वारा जननायक कामरेड महेंद्र सिंह का 21वां शहादत दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह व अन्य सदस्यों ने शहीद महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कामरेड गजेंद्र सिंह ने कहा क्रांतिकारी वीर सपूतों का झारखंड नवनिर्माण का सपना अधूरा है। मजदूर नेता कामरेड महेंद्र जैवशन उरांव ने कहा शहीद क्रांतिकारियों के रास्ते पर चलकर गुमला जिला सहित झारखंड को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए जन संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर दर्शन हुमायु साहू, बिनगाड़े उरांव, सविता कुमारी, बिरसाई उरांव, विष्णु तुरी, रामावतार साहू, जगल मुंडा, संदीप एक्का, सुषमा देवी सहित माले के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेना के विभिन्न यूनिटों को ग्रीटिंग कार्ड भेजने पर पार्थ प्रतिम को मिला अवार्ड



गुमला। अपनी जानों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता तथा प्रेम को अभिव्यक्त करने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष एक हजार से ज्यादा ग्रीटिंग कार्ड सेना की विविध यूनिटों को भेजी थी। विद्यालय को सेना के विविध यूनिट्स के द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्राप्त हुए हैं। ये सभी एक्टिविटी स्केचपेंट एक्सप्रेस फार इंडिया के तत्वावधान में किए जाते रहे हैं। जिसके चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल गौतम बनर्जी और मुख्य प्रणेता बीएन श्रीवास्तव फाउंडेशन के विजय कुमार हैं। इन गतिविधियों की सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कला शिक्षक पार्थ प्रतिम मैती को स्केचपेंट एक्सप्रेस फार इंडिया की ओर से बेस्ट एक्टिविटी टीचर अवार्ड दिया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने वंदना सभा में मैती को मेमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं उत्कृष्ट ग्रीटिंग कार्ड बनाने वाले कुश कुमार, पलक कुमारी, कुशल विराज, सुमित समर्पण एक्का, अद्वेता आहना मैती, रितु श्रेया, इशिका कुमारी, लावण्या मिश्रा, सुप्रिया कुमारी, श्रेयांशी अग्रवाल, ताशा झा, मीनाक्षी कुमारी, सृष्टि गुप्ता, खुशी कुमारी को स्केचपेंट एक्सप्रेस फॉर इंडिया की ओर से प्रमाण पत्र दिए गए।

### वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में गिरे अपराध के आंकडे, एसपी ने दिये और सुधार के निर्देश, बोले

# गंभीर मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु करे थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



अपराध गोष्ठी में निर्देश देते एसपी शंभू कुमार सिंह।

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को आईआरबी कैंप नागफनी में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी व परिचारी प्रवर एवं शाखा प्रभारी उपस्थित थे। गोष्ठी में नववर्ष की शुभकामना देते हुए एसपी ने जिले के मुख्य चुनौतियां मादक पदार्थ, सड़क सुरक्षा, डायन प्रथा, जैसे कुरीतियों से निपटने का निर्देश दिये। बैठक में एसपी ने बताया कि वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में अपराध के आंकड़े में गिरावट आयी। जिसमें हत्या, सामान्य दंगा, बालात्कार, ठगी-जालसाजी, दहेज अधिनियम, जुआ अधिनियम, महिला अअत्याचार व मादक पदार्थ अधिनियम में कमी दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त अन्य अपराधों में कमी लाने का निर्देश एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को दिया। सभी थाना प्रभारियों को सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु बिना हेलमेट बाईक चलाने, तेज रफ्तार से बाईक चलाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोष्ठी में गृहभेदन, चोरी, लूट से संबंधित कांडों की समीक्षा की गई तथा उसके रोक थाम हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। वहीं गोष्ठी में जमानत पर जेल से छूटे अपराध कर्मियों के संबंध में चर्चा की गई और लगातार उनपर निगरानी रखने पर बल दिया गया। लंबित कांडों व जनशिकायत से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। गोष्ठी में सभी थाना प्रभारियों को गंभीर मामलों में अविलंब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित अनुसंधान करने का निर्देश दिया गया। वहीं क्षेत्र में नक्सल अभियान तेज करने व अवैध उत्खन्न के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं अच्छा काम करने वाले थाना प्रभारियों को बैठक में प्रोत्साहित किया गया।

### डीसी ने राकृ प्लस टू उच्च विद्यालय टोटो का किया औचक निरीक्षण, कहा

# मैट्रिक-इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर प्रशासन गंभीर

>> कक्षा 10 वीं, 11 वीं, 12 वीं के बच्चों की तैयारी का उपायुक्त ने किया आकलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरूवार को गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय टोटो का साप्ताहिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ संवाद किया एवं परीक्षा के तैयारी के दौरान होने वाली कठिनाइयों के संबंध में बच्चों से जानकारी ली एवं उन्हें उचित सलाह भी दी। शिक्षकों को पिछले 5 वर्षों में परीक्षा में आए प्रश्नों का प्रैक्टिस बच्चों को करवाने की बात कही। उन्होंने बच्चों का डाउट क्लास भी लिया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का संदेश दिया। उन्होंने कक्षा 10 वीं, 11 वीं, 12 वीं के बच्चों का उनकी तैयारी का आकलन भी किया गया। उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है। जिला प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है।

# रसायन मुक्त खेती से स्वास्थ्य होगा बेहतर : सुखदेव भगत

किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कृषि विभाग की ओर से सदर प्रखंड परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम सहित कई लोग मौजूद रहे। जिले के किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और किसानों को कृषि संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। किसानों को प्रोत्साहित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा किसान हमारा अन्नदाता हैं। इस तरह के कार्यक्रम से किसानों को लाभ मिलेगा जो अच्छे कार्य कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित किया गया और जो किसानों की कमियां रही है उसे दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिले में रागी की खेती व परंपरागत ऑर्गेनिक खेती होगी तो इसका लाभ किसानों के साथ लोगो को भी मिलेगा। रसायन मुक्त खेती से स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। कार्यक्रम में बेहतर खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।

### दिशा की बैठक में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा

# कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

योजनाएं समयबद्ध पूर्ण करें : सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। सांसद ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके में पूर्ण करें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजनों बालू समय पर मिले और जो आसानी से मिल सके, ऐसी व्यवस्था रहे। सांसद द्वारा सर्वप्रथम कुडू-घाघरा पथ में किये जा रहे कार्य व कार्य में असंतोषजनक प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। बरवाटोली चौक के पास चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, कंडरा पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत पेशरार प्रखण्ड में नाशपाती बागवानी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक पौधों का जीवित रखने का प्रयास करें ताकि उसका फायदा लाभुकों को मिल सके। जेएसएलपीएस डीपीएम को निर्देश दिया गया कि जिला में रागी पैदावार के अनुकूल परिस्थितियां हैं जिसका पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर उत्पादन किया जाना चाहिए। गुमला जिला में इस प्रकार की शुरूआत किया गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सामाजिक सुरक्षा निदेशक को निर्देश दिया गया कि लाभुकों के त्रुटिपूर्ण आवेदन को सुधार करने व लंबित आवेदन पर कार्रवाई की जाए। वृद्धावस्था पेंशन योजना के जिन लाभुकों की मृत्यु हो चुकी हो ऐसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके खाते का पैसा सरकार को वापस लौटाये जाने की प्रक्रिया की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में सांसद द्वारा जिला के दो पंचायतों में लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाने की जानकारी दी और कहा कि जल्द ही छूटे हुए लाभुकों को सर्वे में जोड़ा जाए। बैठक में डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी समेत दिशा के सदस्य, जिप सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## चेंबर पदाधिकारियों का चयन कर अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी को सौंपा सूची



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी को सत्र 2025 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने तय तिथि के अनुसार गुरूवार को चेंबर को सुचारु रूप से चलाने हेतु अन्य पदाधिकारीयों का चयन कर सूची सौंप दी है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण 19 जनवरी को संध्या 7:30 बजे नगर भवन गुमला में होगा। हालांकि अभी चयनित पदाधिकारियों के नामों को गुप्त रखा गया है।

## गुमला : नीति आयोग के संयुक्त निदेशक ने जिले में शैक्षणिक व आवासीय सुविधाओं का लिया जायजा

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** नीति आयोग के संयुक्त निदेशक अमित साहू के नेतृत्व में एक दल ने गुमला जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं और छात्रों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं का निरीक्षण करना और इनके विस्तार की संभावनाओं का अध्ययन करना था। दल ने सबसे पहले बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत बालिका आवासीय उच्च विद्यालय, चपटोली का दौरा किया। जहां कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय और शैक्षणिक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इसके बाद दल ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का दौरा किया। प्राचार्य संतोष कुमार और विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र प्रिय रंजन के साथ विद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए उन्होंने आश्रम पद्धति से संचालित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवलोकन किया। इस दौरान साहू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर शिक्षा और अन्य आधुनिक तकनीकों की प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने यह भी विचार किया कि नेतरहाट विद्यालय में उपलब्ध उन्नत शैक्षणिक सुविधाओं को अन्य आवासीय विद्यालयों में किस प्रकार लागू किया जा सकता है। इसके बाद दल ने सिसई प्रखंड स्थित आवासीय उच्च विद्यालय का दौरा किया। जहां समग्र शिक्षा योजना और मध्याह्न भोजन की समीक्षा की गई। दल ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई का भी निरीक्षण किया। दो दिवसीय दौरे के दौरान दल ने अतिथि सत्कार से अभिभूत होकर कहा कि राज्य की शैक्षणिक सुविधाओं को समझने और उनमें सुधार हेतु यह भ्रमण अत्यंत उपयोगी रहा।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की आज लोहरदगा में

लोहरदगा। राज्य की कृषि पशु पालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार को अपराह्न 4.00 बजे परिसदन भवन लोहरदगा पहुंचेगी। जहां मंत्री जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, सभी प्रखण्ड प्रमुख, सभी पंचायत अध्यक्ष, बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ भेट वार्ता एवं संगठन शक्तिकरण के संबंध में विशेष चर्चा करेंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने देते हुए कार्यक्रम में सभी स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थित होने की अपील की है।

## भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसायटी का सामूहिक विवाह कार्यक्रम कल

कैरो। प्रखंड मुख्यालय में 18 जनवरी को भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसायटी द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें दर्जनों जोड़ी विवाह का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है सोसाइटी द्वारा बताया गया कि इस मौके पर भूतपूर्व राज्यसभा सांसद धिरज प्रसाद साहू आमंत्रित हैं।

## पांडे गणपत राय की 216वीं जयंती समारोह आज

भंडरा। 1857 के शहीद पांडये गणपत राय जयंती समारोह की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है शुक्रवार को प्रखंड व जिला प्रशासन द्वारा भव्य समारोह का आयोजन कर शहीद को श्रद्धांजलि दी जाएगी. गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार,डॉक्टर राजेश कुमार लाल संयोजक शहीद स्मारक समिति,डा वंदना राय अध्यक्ष , संजय सिन्हा छोटू, प्रकाश प्रजापति ,मुखिया सुमंती तिग्गा ,जगजीवन उरांव,उमेश साहू, आदि स्मारक समिति के पदाधिकारियों सभी मिलकर शहीद पांडेय गणपत राय की 216 वीं जयंती समारोह सह विकास मेंला की तैयारी का जायजा लिया. बीडीओ ने बताया की कार्यक्रम मे जिले के कई विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## भंडरा : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भंडरा। थाना क्षेत्र के भीठा पंचायत के कचमची गांव में 17 वर्षीय युवक ने घर के आंगन में लगे अमरुद के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है। बताया जाता है कि पवन ठाकुर के पुत्र जयकुमार ठाकुर बीती रात खाना खा कर अपने रूम सोने चला गया। देर रात 10.30 बजे जयकुमार के पिता पवन शौच के लिए बाहर निकले तो जयकुमार के रूम का दरवाजा खुला देख रूम मे पहुचे। रूम मे नहीं दिखा तो पवन ने देखा की जयकुमार आंगन में लगे अमरुद के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जब तक पत्नी ने देखा और चिल्लाकर लोगों को बुलाया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता कर रही है।

## भंडरा : दो जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात



भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र के गडरपो पंचायत में बुधवार की देर रात दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इससे गांव के ग्रामीणों को रात जग्गा करना पड़ा। स्थनीय ग्रामीणों ने बताया कि भरनो थाना क्षेत्र के आमलिया जंगल से बीती रात दो जंगली हाथी गडरपो पंचायत के महुआ डिपा निवासी मादा गुड़ी टाना भगत के घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर मे रखा 50 बोरा धान को चट कर गया। हालांकि घर में सो रहे स्वजन जंगली हाथी के आहट सुनते ही घर से भाग जान बचाने में सफल रहे।

# भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा

समावेशी विकास, सशक्तिकरण एवं प्रगति डॉ अम्बेडकर की विरासत : मनीर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंडल अध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान तथा संविधान गौरव दिवस अभियान के संयोजकों के साथ बैठक आहूत की गई। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने सदस्यता अभियान में गति लाते हुए कहा कि अभियान 31 जनवरी तक संचालित किए जाएंगे। बैठक में संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत जिला एवं प्रखंड में आयोजित कार्यक्रमों के संदर्भ में विचार विमर्श करते हुए तिथि निर्धारित की गई। मनीर उरांव ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार रहे हैं। वे एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे, जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। वही कांग्रेस ने हमेश डॉ बाबासाहेब के साथ अन्याय हैं। मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा ने सदैव डॉ अंबेडकर की विरासत का सम्मान किया है। बैठक में जिला महामंत्री संजय कुमार, उपाध्यक्ष अजय पंकज, धीरज प्रसाद साहू, दिलीप पटनायक, मंडल अध्यक्ष विश्वजीत भारती, अशोक साहू, सचिन साहू, राजकुमार मुंडा, सुरेश बैठा, विवेक चौहान आदि मौजूद थे।

## महिला ने पति सहित ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का दर्ज कराया केस

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बेदाल गांव निवासी प्रियंका कुमारी ने ससुरालवालों पर मारपीट कर कई बार गर्भ नष्ट करने व दहेज के लिए उत्पीड़न किये जाने का मामला बुधवार को भंडरा थाना में दर्ज कराया है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी सुचित कुमार प्रसाद पिता शिवचरण प्रसाद ग्राम-तिर्रा, थाना- पालकोट, जिला-गुमला से 16 जून 2022 को समपन्न हुई थी। मेरी शादी में मेरे पिताजी के द्वारा दान दहेज तथा नगदी सहित लगभग 20 लाख रुपए खर्च हुआ था, जो कि मेरे पिताजी के द्वारा अपने रिस्तेदारों, दोस्तों से लेकर एवं जमीन बधिक कर पूरा किया गया। लिए गए कर्ज को मेरे पिताजी द्वारा आज भी चुकाया जा रहा है। शादी के तीन माहीने तक अपने ससुराल में अच्छे से रही। गर्भवती होने के उपरांत मेरे ससुराल वाले कार खरीदने हेतु पैसा की मांग करने लगे मांग पूरा नहीं करने के कारण गर्भधारण के दौरान ही मेरी सास विमला देवी, पति शिवचरण प्रसाद बड़े बेटे संजु प्रसाद पत्नी माला देवी एवं मेरे पति सुचित इन सभी के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मार-पीट किया गया जिस कारण मेरा गर्भपात हो गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति ने बिमरला मांइस में ट्रकों का परिचालन किया बंद

### समिति ने कहा कि 26 को वार्ता नहीं हुई तो 29 जनवरी से होगा अनिश्चितकालीन बंद

सीओ और थाना प्रभारी की पहल पर आरंभ हुई परिचालन

खबर मंत्र संवाददाता



**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति के द्वारा गुरुवार से बीमरला माइंस का परिचालन बंद किया गया। गुरुवार की अहले सुबह से ही समिति के लोग आदर स्थित मलगो के पास बैठकर सभी ट्रकों को रोक दिया। यहां बता दे कि संगठन के द्वारा पूर्व में हिंडाल्को को 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था और यह कहा भी गया था कि यदि मांगों पर हिंडालको पहल नहीं करता है तो बिमरला माइंस को 16 जनवरी से बंद कर दिया जाएगा। जिसके बाद ट्रकों का परिचालन बंद करा दिया गया। इधर सूचना मिलने पर सीओ आशीष कुमार मंडल व थानेदार तरुण कुमार जाम स्थल पहुंचकर लोगों से वार्ता किया। जिस पर शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि हिंडालको कंपनी से क्षेत्र में विकास करने को लेकर कई बिंदुओं पर एग्रीमेंट हुआ है। जिस पर कोई भी काम हिंडाल्को के द्वारा नहीं किया गया। सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र की जनता को बेवकूफ बनाकर क्षेत्र से खनिज को निकाल कर ले जा रहा है। अब हिंडाल्को की मनमानी नहीं चलेगी। जब तक मूलभूत सुविधा इलाके में बहाल नहीं होगी। तब तक बिमरला माइंस बंद रहेगा। जिसके बाद ट्रक ओनर एसोसिएशन के लोग भी घाघरा थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी सीओ के साथ वार्ता हुई। जिसके बाद पुनः थानेदार व सीओ जाम स्थल पहुंचे और जाम कर्ताओं को आश्वासन दिया कि 26 जनवरी से पहले कंपनी से वार्ता होगा। जिसके बाद जो भी समस्या है सभी का निदान किया जाएगा। इधर शिवकुमार भगत ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के आग्रह पर हम लोगों ने अभी 26 जनवरी तक के लिए आंदोलन को रोक दिया है। लेकिन अगर कंपनी वार्ता नहीं करती है या फिर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो फिर आने वाले दिनों में भी स्थानीय प्रशासन की बात को नहीं मानेंगे और हजारों की संख्या में सड़क पर उतरेंगे और 29 से अनिश्चितकाल के लिए खनन परिवहन सारे काम बंद कर देंगे।

# सड़क सुरक्षा टीम ने सिसई और रेड़वा बाजार में चलाया जागरूकता अभियान

खबर मंत्र संवाददाता



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 की दी गयी जानकारी

**गुमला।** सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा गुरूवार को सिसई बाजार, सिसई ब्लॉक एवं रेडवा बाजार में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत भीड़ भाड़ वाले हाट बाजार को चिन्हित कर दूर दराज से आये लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है और सबको हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। नाटक के माध्यम से गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं, पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है, ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक मिलता है। जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे। गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक आपको सम्मानित किया जाता है साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। हेलमेट हमेशा पहन कर चलेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे तो ही आने वाली दुर्घटना को आप टाल सकते हैं। मौके पर बीडीओ रमेश यादव, मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप तिर्की के अलावा सड़क सुरक्षा के प्रभाष कुमार, प्रणय कांशी, मंटू रवानी और रामानंद महाराज मौजूद थे।

बिराटोली कोल साइडिंग में डीवीसी कंपनी के द्वारा कोयला परिवहन के लिए बिना भाड़ा तय किए कोयला ढुलाई का वाहन मालिक व ड्राइवर ने किया विरोध

# लातेहार : खदान के अंदर गाड़ी घुसाने का भी संघ ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** ड्राइवर यूनियन संघ के बैनर तले वाहन मालिक व ड्राइवर ने गुरूवार को डीवीसी का बाईपास सड़क पर हाईवा वाहन खड़ा कर विरोध किया है। जिसका नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष तोहिद आलम ने किया। वहीं तोहिद आलम, सचिव धर्मेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष साबिर अंसारी ने बताया कि जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बिराटोली कोल साइडिंग में डीवीसी कंपनी के द्वारा कोयला परिवहन के लिए बिना भाड़ा तय किए कोयला ढुलाई का हम लोगों ने विरोध किया है। जिस कारण तुबेद कोल माइंस में कोयला का परिवहन ठप रहा। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि डीवीसी कंपनी में माइनिंग का कार्य कर रहे मां अंबे कंपनी के द्वारा कोयला परिवहन को लेकर मनमानी की जा रही है। चंदवा के बिराटोली में नए साइडिंग की शुरू की गई है। जहां डीवीसी कंपनी से कोयला गिराना है, लेकिन कंपनी द्वारा भाड़ा तय नहीं किया गया है। जिस कारण हम लोगों को कोयला परिवहन करने में परेशानी हो रही है। हाईवा मालिकों का कहना है कि श्याम ट्रांसपोर्टिंग जो बाहरी है। उससे कोयले की ढुलाई कराई जा रही है। जो लोकल ट्रांसपोर्टिंग है। उससे कोयला की ढुलाई में मनमानी की जाती है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि कंपनी खुलने से लोगों की उम्मीद थी कि स्थानीय लोगों को इसका फायदा होगा, लेकिन मां अंबे कंपनी द्वारा बाहरी ट्रांसपोर्टिंग को ज्यादा एहमियत दिया जा रहा है। मालिकों का कहना है कि श्याम ट्रांसपोर्ट में करीब 100 वाहन है। जिसकी मदद से कोयले की ढुलाई कराई जा रही है। इस तरह करने से लोकल ट्रांसपोर्टिंग या हाईवे मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विरोध कर रहे हाईवा मालिक व चालकों का कहना है कि हम लोगों को ट्रांसपोर्टिंग के लिए खद्दान के अंदर से ढुलाई कराई जाती है। ऐसे में हमलोगों को हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने आगे बताया कि खदान के अंदर अगर किसी तरह की दुर्घटना होती है, तो कंपनी इसकी जवाबदेह नहीं लेगी। ऐसे में चालक व मालिकों में हमेशा डर बना रहता हैं। लोगों का कहना है कि अन्य खदानों में कोयला निकालने के लिए खदान के अंदर गाड़ी प्रवेश नहीं कराई जाती है, लेकिन डीवीसी द्वारा यहां कराया जाता है। हमारी मांग है कि खद्दान में गाड़ी नहीं भेजा जाए। बिना भाड़ा तय किए बिराटोली कोल साइडिंग में ट्रांस्पोर्टिंग प्रारंभ किया गया है उसका भाड़ा स्पष्ट किया जाए।



सड़क में बैठ विरोध करते वाहन मालिक व ड्राइवर।

## मुखिया व झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने जमीरा में दर्जनो जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



कंबल वितरण करते झामुमों के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय प्रांगण में बुधवार को शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए कम्बल वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डो से चयनित दर्जनों जरूरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। इस मौके पर सितमोहन ने कहा कि इस वर्ष ठंड का प्रकोप चरम पर है। ऐसे में ही किसी भी गरीब को ठंड में ठिठुरना न पड़े इसके लिए राज्य सरकार व प्रशासन तत्पर है। वहीं मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि पंचायत के प्रत्येक जरूरतमंद व योग्य लोगो तक लाभ पहुंचे इसमें सबकी भूमिका अहम है। वार्ड सदस्य व पंचायत प्रतिनिधि क्षेत्र में ध्यान रखें की कोई भी जरूरतमंद सरकार की कल्याणकारी योजना से वंचित न रहे। इधर पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर लोगो मे खुशी देखी गयी। कंबल वितरण झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, वार्ड सदस्य पुनीता उरांव, दिलीप मुंडा किशन मुंडा, देव कुमार सिंह, सियाराम उरांव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## श्री शिव शनि मंदिर का वार्षिकोत्सव 19 से

**लातेहार।** श्री शिव शनि मंदिर के पांचवी वार्षिकोत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि श्री शिव शानी मंदिर के पांचवी वार्षिकोत्सव को लेकर समिति के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत 19 जनवरी दिन रविवार को बाजारटांड़ स्थित मंदिर परिसर से 8:30 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी एवं वेदी पूजन का कार्यक्रम होगा। जबकि 20 जनवरी दिन सोमवार को प्रातः 8:00 बजे शनि अभिषेक, रुद्रा अभिषेक और हवन का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि 12:30 बजे दीप प्रज्वलन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष श्री महलका सभी धर्म प्रेमी से अनुरोध है कि तन मन धन से सहयोग करते हुए मंदिर परिसर में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

उपायुक्त के आदेश पर चकला में जनसमस्या निदान को लेकर लगा विशेष शिविर

## कोल ब्लॉक प्रभावित क्षेत्र में शामिल करने को लेकर दर्जनों रैयत्तों ने दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार उपयुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में प्रखण्ड के चकला पंचायत सचिवालय प्रांगण में जन समस्या निराकरण को लेकर विशेष एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, मुखिया रंजीता एक्का मौजूद थे। जिनके समक्ष पंचायत वासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। शिविर के दौरान लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत दर्जनों ग्रामीणों ने कोल ब्लॉक प्रभावित क्षेत्र में शामिल करने की मांग को लेकर आवेदन, जमीन का व्योरा व वंशावली जमा किया। आवेदन प्राप्त करने के उपरांत अंचलाधिकारी ने भरोसा दिया कि प्राप्त आवेदनों की जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। शिविर में राजकुमार पांडेय, सकीना खातून, गुलअपसा परवीन, सरस्वती देवी, शोभा देवी, स्वीटी देवी, शमीम बीवी, नाजनी बीवी, शहनाज परवीन, गीता देवी, कुंती देवी, जाहिदा बीवी, लक्ष्मी देवी, रंजू देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



शिविर में उपस्थित लोग।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर बैठक स्थगित

इधर शिविर को उपरांत चकला आंगनबाड़ी केंद्र के समीप सेविका चयन को लेकर आयोजित आमसभा में भी सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयशंकर पाठक शामिल हुए। हालांकि पोषक क्षेत्र सर्वेक्षण में अनियमितता को लेकर पडुआ, हरैया क्षेत्र के ग्रामीणों ने आपत्ति जताई इसके बाद सीओ ने आहूत आमसभा को अगली तिथि के लिए निरस्त कर दिया। साथ ही पर्यवेक्षिका को पुन: सर्वे कर रिपोर्ट जमा करने की बात कही। मौके पर मुखिया रंजीता एक्का, प्रधानाध्यापिका रीता गुप्ता समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## पीडीएस दुकानदार राशन का शत प्रतिशत करे वितरण, अन्यथा होगी कार्रवाई: चंदन कुमार



बैठक करते अधिकारी।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी राशन साम्रगियों का उठाव व वितरण की समीक्षा की गई। उंन्होने सभी दुकानदारो से वितरण की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत वितरण करने को निर्देशित किया। कहा कि सभी दुकानदार उठाव के पश्चात वितरण कार्य शुरू करे। राशन उठाव व वितरण में लापरवाही बरतने वालो को सख्त चेतावनी देते हुए अपने कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। सभी दुकानदारों को अपने अपने दुकानों को संधारित करने को लेकर भी निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड में शामिल सभी कार्डधारकों का शतप्रतिशत इकेवाईसी इंट्री कराने को लेकर कार्य करने को निर्देशित किया। इसके अलावे वैसे कार्डधारी जो पात्रता सूची की अहर्ता नही रखते है उन्हें अबिलम्ब अपने कार्ड को प्रखंड या जिला कार्यालय में सरेंडर करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में अहर्ता नही रखने वाले कार्डधारकों के विरुद्ध जुमार्ने की कारवाई भी की जाएगी। मौके पर सहायक गोदाम प्रबंधक पवन सिंह प्रखंड ऑपरेटर संजय यादव, रामकृष्ण मिश्रा, शाहिद खान, रमेश प्रसाद, बालदेव गंझु, दामोदर उपाध्याय, संतोष प्रसाद, मुंशी प्रसाद, कलावती देवी, संतोष प्रसाद, गणेश चौरसिया, सबिला खातून समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



बीच कंबल वितरण करते समाजसेवी।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दूंदू पंचायत में झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजना के तहत समाजसेवी अख्तर अंसारी के माध्यम से दिन गुरुवार को सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं कंबल लेने के लिए वृद्ध महिला-पुरुष, दिव्यांग, विधवा, समेत कई जरूरतमंद लोग मौजूद रहे। इस कनकनाती हुई ठंड के मौसम से बचाव के लिए कंबल मिलने से जरूरतमंदों के चेहरों पर काफी उत्साह देखा गया। बता दें की समाजसेवी अख्तर अंसारी कई वर्षों पूर्व से गरीबों के बीच समाज सेवा का कार्य करते आ रहे हैं,कई बार उन्होंने अपने निजी खर्च से भी लोगों को गर्म वस्त्र मुहैया करवाने का काम किया है। उन्होंने मनिका थाना क्षेत्र व लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत होने वाली सड़क दुर्घटना में घायल सैकड़ो लोगों का इलाज के लिए समय रहते अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया है और इस तरह के घटना में शामिल लोगों के मदद के लिए वे हमेशा ही तत्परता दिखाते हैं। समाजसेवी अख्तर अंसारी के द्वारा ठंढ़ के मौसम में क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था,लोगों के बीच कंबल का वितरण,सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद,समेत इत्यादि कार्यों के माध्यम से लगातार समाज सेवा का कार्य किया जाता है।

ग्रामीण पथ होते बिराटोली कोल साइडिंग में कोयला ले जाने का विरोध, ग्रामीणों ने घंटो रोका हाईवा

## प्रशासन ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर कराया मामला शांत

- बिराटोली कोल साइडिंग को लेकर सह और मात का खेल जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** विवादों से घिरे बिराटोली कोल साइडिंग में लंबे गतिरोध के काम विगत 14 जनवरी से रैक लोडिंग का काम शुरू हो गया है। बिराटोली कोल साइडिंग में काम शुरू होने के साथ ही वर्चस्व को लेकर सह और मात का खेल जारी है। इसी बीच बुधवार की देर शाम दामोदर-महुआमिलान ग्रामीण पथ होते हाइवा से कोयला परिवहन किये जाने के विरोध में ग्रामीण उतर आए व एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग को दामोदर के समक्ष जाम कर दिया। विरोध कर रहे लोगो द्वारा तुबेद कोल परियोजना से कोयला लेकर आ रही डीवीसी के ट्रांसपोर्ट कंपनी मां अम्बे के दजनो हाइवा को खड़ी कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि जिस रास्ते कोयला परिवहन करने का प्रयास किया जा रहा है वह ग्रामीण पथ है, जिसका निर्माण लंबे संघर्ष के बाद एक वर्ष पूर्व ही हुआ है। इसी रास्ते सैकड़ो विद्यार्थी व ग्रामीण आवागमन करते हैं जिन्हें कोयला वाहन चलाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इधर जाम की सूचना के बाद पहुंचे चंदवा प्रशासन की टीम के द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के लोगों व प्रशासन के समक्ष अपनी मांगों को रखा जिस पर प्रबंधन ने विचार करने का भरोसा दिया।



जाम करते लोग।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला को लेकर हुई बैठक



बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजन को सफल बनाने को लेकर एक बैठक हुई ।मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 20 जनवरी,वही बरियातू बाजार टांड़ में 22 जनवरी एवं हेरंहज प्रखंड परिसर में 24 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आने वाले लोगों की स्वास्थ्य जांच के अलावा उन्हें मुफ्त दवा का भी वितरण किया जाएगा। चिकित्सा प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग इस स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। बैठक में बरियातू प्रखंड प्रमुख, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने मनाया कॉ. महेंद्र सिंह की 20 वीं जयंती



जयंती समारोह में शामिल लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत ग्राम बांडी स्थित रथहाखाड़ टोला में दिन गुरुवार को कॉमरेड महेंद्र सिंह का 20वीं जयंती मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा कॉमरेड महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर भाकपा माले नेता मुनेश्वर सिंह ने बताया कि कॉमरेड महेंद्र सिंह ऐसे विधायक थे जो गरीबों के हित के लिए काम करते थे, इसीलिए गरीब लोग उन्हें मसीहा कहते थे और उन्होंने इस बात को बखूबी निभाया भी था,जब कॉमरेड में और जानता में किसी एक को गोली खाना था तब महेंद्र सिंह ने खुद को गोली खाने के लिए चुना और इसी तरह किसान,मजदूर,शोषित व वंचितों के लिए शहादत दिया और इतिहास में अमर हो गए। उन्होंने बताया कि भारत और झारखंड में जब-जब गरीबों के मूलभूत सुविधा जल,जंगल व जमीन की बात किया जाता है तब-तब कॉमरेड को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि कॉ.महेंद्र सिंह शोषित व वंचितों के महानायक थे। मौके पर भाकपा माले नेता धनेश्वर सिंह,भुखन सिंह,झमन सिंह,नरेश भुइयां,संजय सिंह,ईश्वरी भुइयां,नागेंद्र राम,विजय सिंह,बीरबल सिंह,विदेशी भुइयां,विजय कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रभार रुपेश कुमार को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** परियोजना प्ल्स टू उच्च विद्यालय बारियातू के प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार विद्यालय के शिक्षक रुपेश कुमार को अपना प्रभार श्रवण कुमार मिश्रा ने गुरुवार को सौंपा। कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय का प्रभार प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार मिश्रा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार विधिवत सातवें प्रधानाध्यापक के रुप मे प्रभार रुपेश कुमार को सौंपा गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक रुपेश कुमार ने शिक्षको संबोधित करते हुए कहा कि जिस आसा व विश्वास के साथ हमे प्रभार सौंपा गया है मै अपने सभी शिक्षकों के साथ समन्वयक बनाकर विद्यालय व छात्र छात्राओं के हित के लिए इमानदारी पूर्वक कार्य करुंगा साथ ही विद्यालय मे बेहतर गुणवता अनुशासन और शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रधानाध्यापक सेवा निवृत्त शिक्षक जानकी नन्दन राणा ने शिक्षक का कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि छात्र छात्राओं के लिए शिक्षक दर्पण के सम्मान होते हैं। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से छात्र छात्राओं के साथ आत्मीय व्यवहार करने की अपिल की। विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक मो तयब ने अपना मार्ग दर्शन देते हुए बताया कि आप सभी शिक्षक शिक्षिका आपस में समन्वय बनाकर टीम भवा से काम करें। और ससमय विद्यालय आकर शिक्षण संस्थान का नाम रौशन करें। वहीं विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद ने कहा कि अनुसासन ही देश को महान बनाता है। आप सभी अपने अपने कर्तव्य का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करें और छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा दें ताकि अपने विद्यालय का नाम जिला से राज्य स्तर तक अपना और विद्यालय का नाम रौशन करे। मौके पर शिक्षक दिनेश प्रजापत दुबे, मौमिता विश्वास, अलका तिग्गा, मून कुजूर निमी मनीषा बरवा, रीना टोप्पो हर्षित हर्ष, पंकज कुमार, अमित कुमार, नीतू कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।



मौके पर मौजूद लोग।

मनिका प्रखंड में दूसरे के जमीन पर अबुआ आवास बनाने की शिकायत

फोटो:7 निमार्णाधीन अबुआ आवास

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम मनिका निवासी अशोक प्रसाद ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका को आवेदन देकर अपने जमीन पर किसी और के द्वारा अवैध तरीके से अबुआ आवास निर्माण करने का आरोप लगाया है। उक्त आवेदन के माध्यम से अशोक प्रसाद ने बताया कि मनिका पंचायत अंतर्गत ग्राम बांडी में हमारे खतियानी जमीन है जिसका खाता संख्या 62 प्लॉट संख्या 221 है और उक्त जमीन पर बांडी के रहने वाले नूरी जहां,पति नाजी अंसारी के द्वारा अवैध तरीके से अबुआ आवास का निर्माण किया जा रहा है उक्त व्यक्ति को मना करने पर देख लेने की धमकी दी जाती है। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने बीडीओ से न्याय की गुहार लगाते हुए उक्त मामले को संज्ञान में लेकर काम को रोकने का अपील किया है

## रामचंद्र सिंह ने किया प्रखंड में तीन योजनाओं का शिलान्यास एवं एक पुल का उद्घाटन



उद्घाटन करते विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड।** प्रखंड मुख्यालय में दिन गुरुवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह की मौजूदगी में तीन कार्यो शिलान्यास एवं जरहाटोली पुल का उद्घाटन किया गया बेल्टोली में पीसीसी पथ निर्माण,चुटिया एवं बेलवार के बीच पुल निर्माण, ग्राम कुरूद में पीसीसी पथ निर्माण लगभग करोड़ों रुपए की लागत से कार्यों का शिलान्यास किया गया एवं वही ग्राम चुटिया के नवयुवकों के द्वारा बिजली गांव तक पहुंचाने को लेकर विधायक को आवेदन देकर बिजली दुरुस्त कराने की बात कही विधायक ने ग्रामीणों से अपील की हर समस्या का समाधान किया जाएगा प्रखंड में विधायक के द्वारा नए नए सड़कों का निर्माण कराया जा रहा जिससे दूर दराज के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कम समय में ग्रामीण पहुंच सकेंगे मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखण्ड उप प्रमुख अभय मिंज, प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड के मुखिया रीता खलखो, मगदली टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहेल, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, नसीम अंसारी, नूरूल हसन, रानू खान, बसारत अली, सुबोध खलको, राजेश ठाकुर, तनवीर अहमद, शाहिद अख्तर, सकील अहमद, राहुल कुमार, कन्हैया कुमार सफरुल अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रमुख ने किया शुभारंभ



प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रमुख।

- मंदिर के मंत्र उच्चारण से पूरे गांव का वातावरण होगा भक्तिमय: प्रतिमा देवी

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत ग्राम बांडी स्थित रथहाखाड़ टोला में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। वहीं मंदिर पूजा कमेटी के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 24 घंटे का अखंड-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं को पूरे श्रद्धा-भाव के साथ मंदिर में पुरोहित के द्वारा मंत्रोंच्चारण के साथ विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि सनातन धर्म का रक्षा करना हम सबों का कर्तव्य है,इस गांव में आप सभी ने अपने जनसहयोग से शिव मंदिर का निर्माण किया है जो बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यहां पर मंदिर के निर्माण से हम सभी को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा एवं इस मन्दिर के निर्माण से रथहाखाड़ के साथ-साथ पूरे मनिका प्रखंड क्षेत्र वासियों को सुख-शांति का प्रेरणा मिलेगा और अधर्म का नाश होगा एवं प्राणियों में सद्भावना होगी,इस मंदिर में पूजा के मंत्रोंच्चारण से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय होगा। मौके पर शेषनाग गिरी,ललन गिरी,जितेंद्र गिरी,अभिषेक गिरी,राजू गिरी,हरेराम गिरी,हरेकृष्णा गिरी,देवेंद्र गिरी,पप्पू गिरी,टिंकू गिरी,सुरेश भुइयां,संजय भुइयां,वीरेंद्र भुइयां,ईश्वरी भुइयां,नरेश भुइयां,समेत सैकड़ो महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

सीआरपीएफ 11 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का किया आयोजन, ग्रामीणों में जगी विकास की उम्मीद

## ग्रामीणों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य: एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत मारोमार गांव में सीआरपीएफ 11 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, कंपनी कमांडेंट यादराम बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी पिताबासा पांडा, उप कमांडेंट मुकेश कुमार, सोमनाथ यादव, नीरज कुमार सोनकर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। जहां पुलिस कप्तान ने बताया कि ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल, जर्सी, जूते, कंबल, और शैक्षिक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही, युवाओं और महिलाओं के बीच फुटबॉल, जर्सी, बर्तन, डिजिटल लेखन टैब, कंबल आदि का वितरण किया। वहीं विद्यालय में एक कंप्यूटर सेट स्थापित किया गया। कंपनी कमांडेंट याद राम बुनकर ने शिक्षा और खेल को समाज के विकास की नींव बताते हुए ग्रामीण युवाओं को नक्सलवाद से दूर रहने और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की और इसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और शांति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।



आवश्यक सामग्री का वितरण करते एसपी व कमांडेंट।

### कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व जवान

कार्यक्रम में गारू थाना प्रभारी पारसमणी, जिला परिषद जीरा देवी, रूपमणि नगेसिया, प्रभा देवी, उप निरीक्षक इंद्रदेव सिंह, रणधीर सिंह, रामकृष्ण राय, ब्रजेश सिंह तोमर, हवलदार अजीत सिंह, ताजदार अली, संजय कुमार, मनोज कुमार यादव, सुशील कुमार, राजेश कुमार, कार्यालय लिपिक धर्मेंद्र कुमार पाल, सुनील कुमार, अमित कुमार, शिवम कुमार, गुड्डु तिवारी, जुगल दुबे, अजय प्रसाद, संजय कुमार, चंदन कुमार, दीपक कु. सिंह, अविनाश कुमार, अभिषेक कुमार, पवन कुमार, रविशंकर, मनदीप कुमार, अंजनी कु. सिंह, जगनारायण यादव, दुलाराम टुडू, आशुतोष कुमार, सुमन गोंड, जयदेव, संजय कुमार रजक, चंदन कुमार, राजा विपीन कुमार और संजय कुमार सिंह समेत कई जवान और ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुलिस ने निकाला सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च



सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च में शामिल एसपी दीपक कुमार पांडेय व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च निकाला। सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च की शुरूआत शहर के कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम से हुई। इसमें सबसे आगे-आगे बैनर लिए पुलिस के जवान चल रहे थे। बैनर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित सुझाव वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, गति सीमा का सदैव ध्यान रखने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, यातायात के नियमों का सदैव पालन करने आदि लिखे हुए थे। जागरूकता मार्च शहर के रंका मोड़ से पुनः कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम पहुंच कर समाप्त हो गई।

मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। इसका हमें हर हाल में पालन करना चाहिए। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल सहित विभिन्न थाना के पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी, सरकार को झटका

# 30 तक हलफनामा दायर करने का निर्देश

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। गुरुवार देर शाम पप्पू कुमार और अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति एएस चंदेल की एकल पीठ ने राज्य सरकार और बीपीएससी को 30 जनवरी 2025 तक हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 31 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा ली गई परीक्षा का परिणाम इस याचिका के अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगा।

इस मामले पर सुनवाई के दौरान अदालत में सरकारी और याचिकाकर्ता वकीलों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई है। सरकारी वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक अन्य केस फाइल हुआ है। ऐसे में सरकारी वकील ने दोनों की सुनवाई एक साथ करने का आग्रह किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता वाई वी गिरी ने याचिकाकार्ता पप्पू कुमार और अन्य की ओर हाईकोर्ट में तर्क रखा कि बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीपीएससी न तो इन मामलों की जांच कर रहा है, न ही पुनः परीक्षा लेने को तैयार है। अधिवक्ता गिरी ने बताया कि बीते 13 दिसम्बर 2024 को चार लाख उम्मीदवारों की प्रारंभिक परीक्षा 912 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, और कई केंद्रों पर प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप सामने आया था।




अधिवक्ता गिरी ने हाईकोर्ट में यह भी बताया कि 4 जनवरी 2025 को पटना के बापू सभागार केंद्र पर पुनः परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी उम्मीदवारों को 6 अंक देने का निर्णय लिया गया। इस परीक्षा में तीन प्रश्न गलत थे, जबकि दो प्रश्न पिछली परीक्षा से थे और एक प्रश्न गलत था।

गिरी ने यह भी कहा कि 4 जनवरी को आयोजित परीक्षा के उम्मीदवारों को 6 अंकों का लाभ मिलेगा, जबकि अन्य उम्मीदवार इस लाभ से वंचित रहेंगे, जो न्यायसंगत नहीं है। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चन्द्रन के विदाई समारोह के कारण बुधवार को केसों पर सुनवाई नहीं हो सकी थी। यह केस न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल के एकलपीठ के समक्ष पांचवे नंबर पर सूचीबद्ध था। लेकिन, साढ़े ग्यारह बजे से विदाई समारोह के लिए समय तय होने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

# गंगा स्नान कर प्रशांत किशोर ने तोड़ा अपना अनशन



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 14 दिन से अनशन कर रहे प्रशांत किशोर ने गुरुवार को गंगा नदी में स्नान के बाद जूस ग्रहण कर अपना अनशन तोड़ा। मरीन ड्राइव में बने टेंट सिटी में पहले पूजा की। फिर समर्थकों के फल खाकर अपना अनशन खत्म किया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने कहा कि अब सत्याग्रह करेंगे, जो तब तक चलेगा जब तक अभ्यर्थियों के साथ न्याय नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस टेंट सिटी में आज से सत्याग्रह शुरू हो रहा है, जिसमें आनेवाले हफ्तों में लाखों लोगों को शामिल किया जाएगा। बिहार में कानून, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर यह सत्याग्रह शुरू किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर शिक्षा,परीक्षा और रोजगार से जुड़े पांच सूत्रीय मुद्दों को लेकर बीते 2 जनवरी से अनशन पर थे। उनके आंदोलन की मुख्य वजह बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में अनियमितताओं और धांधली के आरोप हैं। जिसके खिलाफ बीपीएससी के अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। पीके ने कहा है कि उनका अनशन समाप्त हो रहा है लेकिन आंदोलन जारी रहेगा।

# मध्याह्न भोजन में मिली छिपकली, मचा हड़कंप

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय डुमरावां में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विद्यालय के मध्याह्न भोजन में मरी छिपकली मिली। भोजन खाने से कुछ बच्चों को चक्कर आना शुरू हुआ, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि भोजन परोसते समय रसोइया को दाल में छिपकली मरा मिला। तब तक कुछ बच्चे भोजन खाना शुरू कर चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर बच्चों के अभिभावक विद्यालय पहुंचें। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। बता दें कि इस पूरे मामले में विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है।

# राज्यपाल से वाहन जांच चेक पोस्ट पर चालान काटने की मांग

**कांडी।** थाना क्षेत्र में हो रहे वाहन जांच में गरीब किसान, मजदूर एवं आम नागरिकों की असुविधा को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाल दुबे एवं मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे सहित अन्य कार्यकताओं ने आवश्यक पहल के संबंध में राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिले में सरकार के निर्देश के पर एक अभियान के तहत वहान की जांच की जा रही है। इसका हम सब जनता सम्मान करते हैं। इस जांच अभियान में दूरदराज से कितने गरीब किसान, मजदूर सौ-सौ किलोमीटर तक यात्रा करते हैं।

# प्लांट कटिंग की विरोध में आयोजित धरना 25वें दिन भी जारी



धरना पर बैठे मजदूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रेशर प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट की कटिंग के विरोध मे विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 25वें दिन भी जारी रहा।

धरना के 24वें दिन शाम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम ने प्रखंड कार्यालय बुलाकर विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, महा सचिव रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, मजदूर नेता शंभू राम के साथ वार्ता की थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष समिति से अनुरोध कि आप धरना को समाप्त करें, सेल प्रबंधन के सामने आपकी मांगो को रखा जाएगा। इस वार्ता में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विस्थापित संघर्ष समिति के बीच समन्वय नहीं बन पाने से वार्ता विफल हो गई। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने बीडीओ से कहा कि सेल प्रबंधन सभी प्रकार के मजदूरों का रिटेचमेंट एवं ग्रेच्युटी का भुगतान करने, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू करने, क्रेशर प्लांट कटिंग के नीलामी को रद्द करने की मांग की। धरना में सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह, शंभू राम, बाला यादव, शनीचर अगरिया, रामपति देवी,बुधनी देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जीविका दीदियों को 10 करोड़ का ऋण वितरण

**सहरसा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के सीजीएम बिहार एवं झारखंड के वी राजू ने अगुवानपुर शाखा में आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदियों से मुलाकात कर उनकी कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के उद्घाटन में सवेरा जीविका संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष मंजू देवी ने फूलों का गुलदस्ता, पाग और शॉल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मंजू देवी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अगुवानपुर शाखा अंतर्गत जीविका के 301 स्वयं सहायता समूह है। सभी 301 स्वयं सहायता समूह का बचत खाता व ऋण उपलब्ध करा दिया गया है।

# गरीब के घर में लगी आग, 9 बकरियां मरी, दंपत्ति झुलसे



घायल चंद्रदेव राम व चंद्रावती देवी

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ा खुर्द पंचायत के बनकट गांव स्थित सोन नदी के किनारे पर अवस्थित चंद्रदेव राम की फुस की झोपड़ी में अचानक आग लगने से नौ बकरियों की झुलसने से मौत हो गई। घटना बुधवार की रात्रि तकरीबन 9 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोन नदी के तट पर काशी से निर्मित झोपड़ी में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी सो रहे थे। जबकि सभी बकरियां उक्त झोपड़ी में बंधी थीं। आग कैसे लगी, यह किसी को ज्ञात नहीं है। इस अगलगी की घटना में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी झुलस कर घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायल दंपति को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देख चिक्तिसकों ने उन्हें मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया। घायल चंद्रदेव राम के भतीजे राहुल राम, पिता स्व. सत्यनारायण राम ने बताया कि उक्त झोपड़ी में आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है। अगलगी की घटना में झुलसे चाचा व चाची किसी प्रकार झोपड़ी से निकल कर अपनी जान बचाई। उसने बताया कि झोपड़ी में बंधी कुल नौ बकरियां, बर्तन, भोजन सामग्री, वस्त्र, बिस्तर, सोलर आदि भी जल कर राख हो गए। राहुल ने बताया कि चाचा चंद्रदेव राम के शरीर के दाहिने हिस्से में सिर से लेकर पांव तक गंभीर रूप से जल गया है।

# खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

## डीसी ने किया सम्मानित



सम्मानित करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रामगढ़ में आयोजित यूथ किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते। जिसमे पांच स्वर्ण व एक कांस्य पदक शामिल है। सभी विजेता खिलाड़ियों को डीसी शेखर जमुआर ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में अनुराज पांडेय ने 24 किग्रा में स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया। जबकि अदिति पांडेय ने 32 किग्रा में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, पुण्य प्रसून ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, अर्णव कुमार ने 23 किग्रा में स्वर्ण पदक व समीर कुमार चौबे 85 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उक्त खिलाड़ियों को डीसी श्री जमुआर ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त मौके पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई आदि लोग उपस्थित थे।

# लवकुश हत्याकांड में चौकीदार की भूमिका पर उठे सवाल

**पूर्वी चंपारण।** जिला के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिवाढार पंचायत स्थित गोविंदापुर पासवान टोली में हुए लवकुश हत्याकांड मामले में स्थानीय चौकीदार की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने चौकीदार राजेश पासवान की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार कुत्ते द्वारा एक शव को नोचकर खाने की सूचना बच्चों द्वारा चौकीदार राजेश पासवान को भी दी गई लेकिन चौकीदार ने तत्परता से कार्रवाई करने के बजाय अगले दिन जाकर शव देखा। इसके बावजूद उसने न तो थानाध्यक्ष को सूचना दी और न ही किसी वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी। बाद में जब हरसिद्धि थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा को घटना की भनक लगी तो उन्होंने चौकीदार से फोन पर जानकारी ली।

# ट्रिपल लोडिंग बाइक दुर्घटना में एक की मौत

**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर-सोनबरसा कचहरी मुख्य सड़क के भौरा गांव के समीप गुरुवार को बाइक दुर्घटना में एक की मौत हो गई तथा दो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीनों व्यक्ति के आपस में रिश्तेदार होना बताया जाता है। मृतक बलवाहाट थाना क्षेत्र के ढोली- मोहनपुर गांव निवासी किशुन साह (52) बताया जाता है। वहीं दोनों जख्मी में जिले के बेंगहा निवासी भूटो साह (70) एवं सपटियाही गांव निवासी राहुल कुमार (28) है। घटना के संबंध में अस्पताल में इलाज रत जख्मी भूटो साह ने बताया कि वह तीनो व्यक्ति आपस मे रिश्तेदार हैं। महखड़ गांव से एक ही बाइक पर सवार हो कर सिमरी बख्तियारपुर दाह संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह भौरा गांव के समीप पहुंचे की उसकी बाइक अनियंत्रित होकर वृक्ष से टकरा गई और बाइक सड़क किनारे खेत में जा गिरी।

# पेज एक शेष

### अंतरिक्ष में दो ...

इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को ह्यस्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया था।

**क्या है स्पेडेक्स मिशन :** इसरो के मुताबिक, स्पेडेक्स मिशन अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक के विकास के लिए एक किफायती प्रयास है, जो भविष्य के मिशनों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस तकनीक की आवश्यकता तब होती है जब एक सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने की जरूरत होती है। यह भारत की भविष्य की अंतरिक्ष योजनाओं, जैसे चंद्रमा पर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस मिशन के साथ, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी हासिल करने वाला चौथा देश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** पीएम मोदी मोदी ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भविष्य के कई मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम ने कहा, यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों और अंतरिक्ष स्टेशन सहयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

### चार महीने के अंदर ...

एकल पीठ चार जनवरी 2024 को तीन सप्ताह के अंदर नगर निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने का आदेश सरकार को दिया था। इस संबंध में राज्य सरकार की अपील भी हाई कोर्ट की खंडपीठ से खारिज हो चुकी है और हाई कोर्ट की खंडपीठ ने भी एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है।

**ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी :** राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में कहा गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाया है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि ट्रिपल टेस्ट कराये बिना भी निकाय चुनाव कराया जा सकता है। राज्य सरकार की मंशा चुनाव कराने की नहीं है। ऐसे में अवमानना का मामला चलाया जाये। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का पालन कराने की मांग की गयी है।

### छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों...

**सभी जवान सुरक्षित :** अधिकारी ने बताया कि इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ स्थल से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। इस ऑपरेशन में तीन जिले सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा के डीआरजी, कोबरा 205, 206, 208, 210ओर 229 बटालियन के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही इस महीने अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 26 नक्सली मारे जा चुके हैं। 12 जनवरी को बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच माओवादी मारे गये थे। पिछले साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

### महाकुंभ दे रहा ...

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आयी हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ। उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

महाकुंभ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आये। उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर में हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

# भाकपा माले ने निकाला संकल्प मार्च

## मनाई महेंद्र सिंह की शहादत दिवस



संकल्प मार्च में शामिल भाकपा माले के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाकपा माले नेता शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस के मौके पर भाकपा माले गढ़वा जिला इकाई के तत्वाधान में शहादत दिवस मनाई गई। मौके पर गुरुवार को गढ़वा दानरो नदी टेम्पो स्टैंड से प्रखंड कार्यालय तक संकल्प मार्च निकला गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में संकल्प सभा आयोजित कर शहादत दिवस मनाई गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित की गई। माले नेत्री सुषमा मेहता ने की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में माले नेताओं ने स्व. सिंह के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह झारखंड के जननायक थे। वे बिहार व झारखंड विधान सभा में विपक्ष के कद्दावर नेता थे। उन्होने ने अपने अंतिम भाषण में कहा था कि मैं आपके वोट के साथ कभी सौदा नही करूंगा। और न ही जूते-चप्पल की तरह पार्टी बदलूंगा। आज के ही दिन 16 जनवरी 2005 को चुनावी सभा के दौरान जब हत्यारों ने पूछा महेंद्र सिंह कौन है? तब उन्होंने सीना तान कर कहा कि मैं हूं महेंद्र सिंह। वीर महेंद्र सिंह तुम जिन्दा हो, खेतों में, खलिहानों में, जनता के अरमानों में गीत गाई जाती है। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव कालीचरण मेहता, जिला कमिटी सदस्य अख्तर अंसारी, वीरेंद्र चौधरी, संजय चंद्रवंशी, जन संस्कृति मंच के सदस्य अनवर झंकार, सूरज मेहता, रंजीत मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन प्रतियोगिता का विजेता बनी मेदिनीनगर की टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित गढ़ प्रांगण में 'नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 3' का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर के शौर्य एवं नरेंद्र कुमार की जोड़ी तथा रिकी एवं अजय ठाकुर की जोड़ी के साथ खेला गया। जिसमें शौर्य एवं नरेंद्र की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीत लिया।

इसके पूर्व हुए सेमी फाइनल मैच में चार टीमों में दो टीमें डालटेनगंज की, एक टीम गढ़वा की तथा एक टीम माझिआंव की शामिल हुई। पहला सेमीफाइनल मैच माझिआंव के ऋषभ और गोलू की जोड़ी और डालटेनगंज के रिकी पाजी और अजय ठाकुर की जोड़ी के बीच हुआ इसमें रिकी पाजी और अजय ठाकुर की जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दूसरा सेमीफाइनल का मैच डालटेनगंज की टीम शौर्य और नरेंद्र की जोड़ी और गढ़वा की टीम चंदन और प्रशांत की जोड़ी के साथ खेला गया। जिसमे शौर्य और नरेंद्र की जोड़ी लगातार दो सेटों में विजय प्राप्त करते हुए फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। इस जोड़ी ने फाइनल मैच का खिताब भी अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए नगद तथा उप विजेता टीम को 51 सौ रुपए नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया। अंचलाधिकारी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इस टूनार्मेंट के संयोजक युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी को इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर आयोजन करने पर बधाई का पात्र बताया। और कहा कि श्री सोनी के द्वारा खेल के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जा रहा है जो सराहनीय है। सीओ ने कहा कि यहां के लोगों ने उन्हें जो प्रेम दिया उससे वे अभिभूत हैं। और वे कोशिश करेंगे कि मझिआंव को एक खेल का मैदान उपलब्ध कराया जाय। इधर खेल का मैदान उपलब्ध कराने के सीओ के आश्वासन पर मारुतिनंदन सोनी सहित सभी खिलाड़ियों ने खुशी का इजहार किया। श्री सोनी ने कहा कि मझिआंव को सीओ साहेब के सौजन्य से खेल का मैदान उपलब्ध होने पर यहाँ के लोग हमेशा ही आभारी रहेंगे। टूर्नामेंट में कमेंटेटर की भूमिका रिंकू तिवारी तथा सोनू खान ने निभाया। जबकि स्कोरर के रूप में चंदन कमलापुरी, पप्पू जायसवाल तथा अंपायर के रूप में गोपाल सोनी तथा पप्पू खलीफा ने अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर व्यवस्थापक टीम के सदस्य दिनेश सोनी नौशाद खान, पप्पू जायसवाल, चुन्नू जायसवाल, अशोक कमलापुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।



ट्रॉफी के साथ विजेता

स्पीड न्यूज

# ऑस्ट्रेलिया में भीषण तूफान से एक लाख से अधिक घरों में बिजली गुल

## सिडनी में तेज आंधी से बड़े पैमाने पर नुकसान

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में सिडनी और आसपास के इलाकों में आए भीषण तूफान के बाद एक लाख से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। पूरे राज्य में बुधवार शाम और गुरुवार सुबह आए तेज आंधी-तूफान से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के बिजली प्रदाता ऑसग्रिड ने गुरुवार का बताया कि तूफान से 140,000 ग्राहक प्रभावित हुए और अब 58,000 घरों और व्यवसायों में बिजली बहाल कर दी गई है। इस बीच ऑसग्रिड ग्राहकों ने बिजली

### आज और कल भयंकर तूफान का एलर्ट जारी

लाइनों पर गिरे तारों, पेड़ों और शाखाओं सहित 560 से अधिक विद्युत खतरों की सूचना दी है। बिजली कंपनी ने कहा कि अतिरिक्त ऑसग्रिड आपातकालीन कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण तूफान क्षति के कारण होने वाले विद्युत खतरों को दूर करने के लिए पूरी रात काम किया है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने ऑसग्रिड के प्रवक्ता के हवाले से आज बताया कि सिडनी में कई वर्षों



में आया यह सबसे बड़ा तूफान था और सिडनी के उत्तर, दक्षिण-पश्चिम और आंतरिक शहर के साथ-साथ न्यूकैसल तटीय क्षेत्र इससे सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। एक अन्य बिजली प्रदाता एसेंशियल एनर्जी ने भी बताया है कि तूफान के दौरान कुछ बिंदुओं पर बिजली गुल होने से 50,000 से अधिक ग्राहक प्रभावित हुए हैं। यह कंपनी अधिकांश क्षेत्रीय एनएसडब्ल्यू को बिजली प्रदान करती है। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने कहा कि उसे गुरुवार सुबह तक 24 घंटों में सहायता के लिए 2,200 से अधिक कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश गिरे हुए पेड़ों या बिजली लाइनों और क्षतिग्रस्त संपत्तियों से संबंधित थीं। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सुबह एनएसडब्ल्यू में मिड नॉर्थ कोस्ट, हंटर, नॉर्थ वेस्ट ढलानों और मैदानों और उत्तरी टेबललैंड्स पूर्वानुमान जिलों में लोगों के लिए भीषण तूफान की चेतावनी रद्द कर दी और कहा कि अंतर्देशीय पूर्वोत्तर एनएसडब्ल्यू में तूफान कम हो गए हैं। हालांकि स्थिति पर निगरानी जारी रहेगी और यदि आवश्यक हुआ तो आगे की चेतावनी भी जारी की जाएगी। सिडनी और आसपास के इलाकों में गुरुवार से शुक्रवार और शनिवार तक भयंकर तूफान जारी रहने का अनुमान है। एसईएस ने एनएसडब्ल्यू के मध्य और उत्तरी तटों पर नदियों के किनारे डेरा डाले हुए लोगों को गंभीर मौसम के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है और अधिकारियों ने कई क्षेत्रों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की है।

### कैलिफोर्निया में हवाओं से आग हुआ विकराल

**लॉस एंजेलिस।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में सांता एना हवाओं के चलने के कारण जंगल में लगी आग ने और विकराल रूप ले लिया है जबकि अग्निशामक दल बुधवार को भी जंगल की आग बुझाने के लिये प्रयासरत रहे। यूएस नेशनल वेदर सर्विस ने कहा कि बुधवार को तटीय दक्षिणी कैलिफोर्निया में गंभीर आग की स्थिति जारी रहेगी, लेकिन सप्ताह के अंत तक सुधार की उम्मीद है, और बुधवार स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे तक एक भी चेतावनी जारी की।

### 'बॉर्डर 2' की तैयारी में जुटे वरुण धवन



**मुंबई।** वरुण धवन बॉर्डर 2 पर पूरी तरह फोकस कर चुके हैं। उनकी पहली तस्वीर ने दर्शकों के बीच नई उम्मीदें जगा दी हैं। बॉर्डर 2 को लेकर दर्शकों का उत्साह वाकई चरम पर है, और इस नई जानकारी ने फिल्म को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। वरुण धवन के साथ सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों की मौजूदगी इसे एक स्टार-स्टडेड फिल्म बनाती है। फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पांच लाख के इनामी नक्सली का समर्पण

**कोंडागांव ।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में पांच लाख के इनामी नक्सली व स्वयंभू कमांडर कमलदास ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर नक्सली संगठन को गहरा झटका दिया है। उत्तर बस्तर डिविजन की टैक्निकल टीम एरिया कमेटी में कमांडर के पद पर कार्यरत कमलदास कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में कई मुठभेड़ों में शामिल रहा है। वह भरमार बंदूक, हैंड ग्रेनेड और देशी लांचर बनाने के साथ-साथ अन्य हथियारों की मरम्मत में मास्टरमाइंड है।

### बांग्लादेश में एचएमपीवी से एक महिला की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण से मरने वाला पहला मामला सामने आया है। इस वायरस से संक्रमित महिला कई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थी जिसकी मौत हो गई है। मृतका संजीदा अख्तर की स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम करीब 6:00 बजे राजधानी ढाका के संक्रामक रोग अस्पताल में मौत हो गई। जहां उसका रविवार से इलाज चल रहा था।

### मणिपुर में हथियार के साथ आठ गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार करके, पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया और हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, वन विभाग और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को चुराचांदपुर जिले के संगाईकोट-पीएस के तहत हाओपी मल्लेन हिल रेंज में ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान, पोस्ता की कुल 4.8 एकड़ खेती को नष्ट किया।

# अडाणी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च बंद

## एंडरसन ने ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले लिया फैसला

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी निवेश एवं अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद कर दिया गया है। इसके संस्थापक नैट एंडरसन ने बुधवार को यह जानकारी दी। उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। एंडरसन ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से ही अपने परिवार, दोस्तों और अपने दल के साथ यह जानकारी साझा की थी कि मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का निर्णय लिया है। योजना मौजूदा विषयों पर जारी काम को पूरा करने के बाद इसे बंद करने की थी। पोंजी मामलों पर काम हमने पूरा कर लिया है और इसे विनियामकों के साथ साझा कर रहे हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च पिछले कुछ वर्षों से अडाणी समूह के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसकी 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी तथा वित्तीय गड़बड़ियों का

▸▸ अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने अडाणी और उनके समूह की कंपनियों के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का किया था अनुरोध

आरोप लगाया था। उस समय इससे भारतीय अरबपति को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था। अदाणी तथा उनकी कंपनियों ने हालांकि सभी आरोपों से इनकार किया था। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण की तैयारी जारी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चार साल के कार्यकाल का अंत हो रहा है और 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण करने जा रहे हैं। अमेरिका में सदन की न्यायिक समिति के सदस्य रीप लांस गुडेन के अमेरिकी न्याय मंत्रालय से उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ बाइडन प्रशासन में चलाए





गए चुनिंदा अभियोजन के संबंध में सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का अनुरोध करने के कुछ दिन बाद एंडरसन ने कंपनी को बंद करने की घोषणा की है। एंडरसन ने कहा कि इसे बंद क्यों हो जाना चाहिए? कोई खास वजह नहीं है..कोई खतरा नहीं, कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं और कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं है। किसी ने एक बार मुझसे कहा था कि एक निश्चित बिंदु पर एक सफल करियर एक स्वार्थी कार्य बन जाता है। शुरू में मुझे लगा कि मुझे खुद को कुछ चीजें साबित करने की जरूरत है। अब मुझे खुद के लिए कुछ सुकून चाहिए। वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए गए एक साक्षात्कार में एंडरसन ने कहा कि वह अपने शौक पूरे करने, यात्रा करने और अपनी मंगेतर तथा उनके बच्चे के साथ समय बिताने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने भविष्य के लिए पर्याप्त धन जोड़ लिया है। वह अपने पैसे को कम तनाव वाले निवेशों में लगाने की योजना बना रहे हैं।

# फेड के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार गुलजार

## सेंसेक्स 318 अंक छलांग लगाकर 77 हजार पार

एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिका में महंगाई घटने से फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, धातु और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 318.74 अंक की छलांग लगाकर 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,042.82 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 98.60 अंक की बढ़ोतरी के साथ 23,311.80 अंक पर पहुंच गया। साथ ही बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 43,743.69 अंक और स्मॉलकैप 1.43 प्रतिशत की उड़ान भरकर 52,308.67 अंक हो गया। । बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2778 में लिवाली जबकि 1188 में



बिकवाली हुई वहीं 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2083 कंपनियां बढ़त जबकि 699 गिरावट के साथ बंद हुई वहीं 74 के भाव में टिकाव रहा।

**अडाणी पोर्ट्स टॉप गेनर :** सेंसेक्स पैक में अडाणी पोर्ट्स, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, अल्ट्रा टेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। एचसीएल टेक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईटीसी टॉप लूजर्स रहे। इससे कमोडिटीज 1.51, सीडी 0.36, ऊर्जा 1.01, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.17, इंडस्ट्रियल्स 1.73, दूरसंचार 1.61, यूटिलिटीज 1.27, ऑटो 0.74, बैंकिंग 1.12, कैपिटल गुड्स 1.56, धातु 1.63, तेल एवं गैस 0.91, पावर 1.48, रियल्टी 0.51 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.93 प्रतिशत उछल गए।

### निवेशकों को 4.54 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 428.85 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 424.31 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 4.54 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।


# सर्जरी के बाद खतरे से बाहर सैफ

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में बुधवार देर रात अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर एक हमलावर ने उन पर कई बार चाकू से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। इस घटना के बाद फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सैफ (54) आपातकालीन सर्जरी के बाद खतरे से बाहरहैं। यह हमला बीती रात करीब 2.30 बजे सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर स्थित उनके अपार्टमेंट में हुआ। पुलिस ने हत्या या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ सशस्त्र डकैती का मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर इमारत की सीढ़ियों के जरिए भाग गया। मामले में अब तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया

▸▸ अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर अपराधी ने कई बार चाकू से किया था हमला

▸▸ रीढ़ की हड्डी के बीच के हिस्से में आयी है गंभीर चोट

है। छठी मंजिल पर लगे सीसीटीवी में आरोपी देखा जा सकता है। सबसे पहले घरेलू सहायिका ने शोर मचाया। हमलावर के साथ झड़प के दौरान उसके हाथ में चोट आई। उसने बाद में शिकायत दर्ज कराई। न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. लीना जैन और एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. निशा गांधी के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने सर्जरी की। अस्पताल के सीओओ डॉ नीरज उत्तमानी ने कहा, ह्यद्वउन्हें छह चोटें आईं, जिनमें दो मामूली, दो मध्यम और दो गहरी चोटें हैं, इनमें से एक चोट पीठ पर है जो रीढ़ की



हड्डी के करीब लगी है। सैफ को चाकू से किए गए वार के कारण रीढ़ की हड्डी के बीच के हिस्से में गंभीर चोट आई है। चाकू निकालने और स्पाइनल फ्लूइड से हो रहे रिसाव को रोकने के लिए सर्जरी की गई। उनके बाएं हाथ और गर्दन के दाहिने हिस्से में दो और गहरे घाव थे, जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी टीम ने ठीक किया। खान की हालत अब पूरी तरह से स्थिर है। वह ठीक हो रहे हैं और वह पूरी तरह से खतरे से बाहर हैं।



राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का स्वागत करते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### हमास की वजह से युद्धविराम समझौते पर हो रही देरी : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में जारी युद्ध को रोकने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को धक्का लगा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दावा किया है कि हमास युद्धविराम समझौते के कुछ बिंदुओं से पीछे हट रहा है। इसलिए युद्धविराम समझौते को कैबिनेट की मंजूरी मिलने में देरी हो रही है। इस बीच इजराइल में लोगों ने युद्धविराम का विरोध शुरू कर दिया है। यरुशलम में गुरुवार को विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के बाहर सड़क पर इजराइल के झंडे से लिपटे ताबूत स्थापित किए गए। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि समझौते के कार्यान्वयन पर आगे चर्चा के लिए मध्यस्थ गुरुवार को काहिरा में एक बैठक करेंगे। इसमें मध्यस्थ देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# पेन और पेपर मोड में होगी नीट-यूजी परीक्षा

## एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में होगा एग्जाम


**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को बताया कि नीट-यूजी 2025 की प्रवेश परीक्षा पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।

नोटिस में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आदेशानुसार, नीट (यूजी) परीक्षा का उद्देश्य सभी मेडिकल संस्थानों में अंडर ग्रेजुएट मेडिकल शिक्षा के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा आयोजित करना है। साल 2019 से एनटीए इस परीक्षा का आयोजन कर रहा है।

यह परीक्षा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 और भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग अधिनियम, 2020 के तहत एक समान और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है, ताकि भारत के सभी चिकित्सा संस्थानों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए प्रवेश प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा, मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के उम्मीदवारों को भी बीएससी नर्सिंग के लिए नीट (यूजी) परीक्षा में सफल होना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अस्पतालों में चार साल के बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए चयनित किया जाएगा। एनटीए के नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नीट (यूजी) 2025 की प्रवेश परीक्षा एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी, जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा तय किया गया है। उम्मीदवारों को नीट (यूजी) 2025 से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

### कुलीनतंत्र से सावधान रहें अमेरिकी : बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देशवासियों को कुलीनतंत्र के विस्तार से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने अलविदा करते हुए इस मौके पर अपने पांच दशक के राजनीतिक जीवन की उपलब्धियों को भी गिनाया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने ओवल कार्यालय से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अति धनवानों का एक कुलीनतंत्र उभर रहा है। यह कब अनियंत्रित हो जाए कुछ पता नहीं। यह सत्ता के भूखे लोग हैं। वह इसके लिए खतरनाक स्थिति तक जा सकते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप से लोकतांत्रिक आदर्शों और संस्थानों के संरक्षण की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका को सबसे अधिक खतरा धन, शक्ति और प्रभाव के त्रिकोणीय कुलीनतंत्र से है।



# नौसेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाली खरीदी जायेंगी मिसाइलें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद का करार गुरुवार को फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एमआरएसएएम की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये का करार किया।

नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमआरएसएएम प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण

### रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ 2,960 करोड़ रुपये का किया अनुबंध



मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी। इस अनुबंध से विभिन्न एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। मुंबई के नेवल डाक यार्ड में 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए आईएनएस 'सूरत' को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है।

एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है। हवाई रक्षा के लिए एमआरएसएएम हर मौसम में 360 डिग्री पर काम करने वाली हवाई रक्षा प्रणाली है, जो किसी भी संघर्ष क्षेत्र में विविध तरह के खतरों के खिलाफ संवेदनशील क्षेत्रों की हवाई सुरक्षा करेगी।

